तापमान

अधिकतम 31.1 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



मुंगेली नाका चौक की सड़क पर किया गया डामरीकरण।

घाटों में फैला है कचरा...



बिलासपुर। हर साल की तरह चार दि पहले धूमधाम से अरपा के पचरी घाट और छठघाट में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया है, उसके बाद इन घाटों की सफाई नहीं की गई है। पचरी और छठघाट में जगह जगह मूर्तियों के अवशेष पड़े हैं, मूर्तियों की मिट्टी तो बह गई है, परन्तु बांस और लकड़ियों के ढांचे पड़े हुए हैं। कई जगह पैरे को गाय खाते नजर आ रही है। आने वाले दिनों में दीपावली के बाद छठ पूजा है, इसके पहले फिर इन घाटों की सफाई करनी पड़ेगी।

पंजाब का हेरोइन 'चिट्टा' तस्कर शहर में गिरफ्तार

बिलासपुर। एसीसीयू टीम ने ग्राहक बनकर पंजाब से हेरोइन चिट्टा लाकर बेचने वाले तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 2 लाख 34 हजार की 11.73 ग्राम हेरोईन व 10 हजार 500 रुपए बिक्री रकम जब्त किया गया है।



आरोपी

- ग्राहक बनकर एसीसीयू टीम ने पकड़ा

एसीसीयू टीम प्रभारी गोपाल सतपथी को सूचना मिली पंजाब का एक युवक उसलापुर में रहकर पंजाब से मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा लाकर शहर में खपा रहा है। टीम उसकी संदिग्ध गतिविधियों पर पिछले एक सप्ताह से नजर रख रही थी। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद युवक से ग्राहक बनकर हेरोइन का सौदा किया गया। युवक ने उन्हें हेरोइन लेने के लिए उसलापुर बाजार के पास बुलाया। टीआई सतपथी, अभिजीत डाहिरे, समर बहादुर सहित अन्य आटो से ग्राहक बनकर मौके पर गए और उसे पैसा दिखाकर हेरोइन की मांग की। युवक जैसे की हेरोइन चिट्टा निकालकर दे रहा था। टीम ने चारों तरफ से घेरकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम दीपक वालिया पिता कमलजीत सिंह वालिया 32 साल निवासी अमृतसर पंजाब हालमुकान उसलापुर वास्तु शिखर अपार्टमेंट निवासी होना बताया। कड़ाई बरतने पर उसने पंजाब से सस्ते में हेरोइन लाकर शहर में नशे के शौकीनों को अधिक कीमत में बेचने की जानकारी दी। उसके पास से 11.73 ग्राम हेरोइन चिट्टा व 10 हजार 500 रुपए बिक्री रकम जब्त किया गया है। जब्त हेरोइन चिट्टा की कीमत 2 लाख 34 हजार 600 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने तस्कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी से जब्त हेरोइन।

शिक्षिका से शादी कर 10 साल से रह रहा

टीआई सतपथी ने बताया, आरोपी दीपक वालिया पंजाब में कार इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। 10 साल पहले वह बिलासपुर आया और उसलापुर वास्तु शिखर अपार्टमेंट की शिक्षिका से प्रेम संबंध हो गया और शादी करने के बाद पिछले 10 साल से यहीं रह रहा है। वह पंजाब से हेरोइन लाकर शहर में खपाने का काम कर रहा था।

4 माह में चौथी कार्रवाई

पूर्व में एसीसीयू टीम ने चकरभाठा में कार में घूमकर हेरोइन बेचने वाले युवक को पकड़ा था। उसके बाद सिविल लाइन क्षेत्र में एक युवक को हेरोइन के साथ पकड़ा गया था। उसके बाद सिविल लाइन पुलिस ने अमेरी से नेहरू नगर जाने वाले सड़क में तिफरा की एक महिला को पकड़कर हेरोइन जब्त किया गया था।

खबर संक्षेप

महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव दिवस पर कार्यक्रम आज

बिलासपुर। महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव दिवस 26 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। इस अवसर पर



लखीराम आडिटोरियम में शाम 6 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन के मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल होंगे। विशिष्ट अतिथि मेयर पूजा विधानी होंगी। इस अवसर पर अध्यक्ष विकास सिहोते, उपाध्यक्ष सोनू मेहरोलिया, सचिव अनिल डागोर, सह सचिव हेमंत गोदरे, अमित राज चौहान, कमल मोरध्वज करोसिया, मोहन सिंग मेरोलिया, वेदराज चौहान, कन्हैया सेवते, प्रीतम लाल मेहरोलिया, मेवालाल डागोर, निरंकार करोसिया, सम्मन सेवते, देवक सिहाते, हीरा सिंग महरोलिया, आदि मौजूद रहेंगे।

राशन दुकान के संचालन के लिए आवेदन 30 तक

बिलासपुर। शासकीय उचित मूल्य की दुकान मचखण्डा के आबंटन के लिए 30 अक्टूबर तक शाम 5 बजे तक बंद लिफाफे में आवेदन पत्र आमंत्रित है। ग्राम पंचायत एवं स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वृहदाकार आदिम जाति बहुदेशीय सहकारी समिति (लेम्पस) एवं वन सुरक्षा समितियों के आवेदन ही स्वीकार होगा। निर्धारित प्रारूप में आवेदन के साथ संस्था के पंजीयन की सत्यापित प्रतिलिपि, बैंक खाते की सत्यापित प्रतिलिपि, विगत 3 माह का बैंक स्टेटमेंट देना होगा।

जनप्रतिनिधियों की नहीं हो रही सुनवाई

सभापति बोले- नगर निगम को चला रहे हैं अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- अधिकारी लगातार गड़बड़ियों को अंजाम दे रहे हैं, मनमाना टेंडर करते हुए काम करा रहे



500 वाट का बल्ब लगाकर एक हजार वाट का बिल निकाला

हरिभूमि में 3 और 7 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।

खेल परिसर में लगाई गई फ्लड लाइट में हुई गड़बड़ी का मामला तुल पकड़ता जा रहा है। सभापति विनोद सोनी ने मामले में निगम कमिश्नर और बिजली विभाग के प्रभारी नीलेश पटेल से पूरी फाइल मंगाई है। हालांकि 10 दिन बीतने के बाद भी फाइल नहीं दी जा रही है। सभापति श्री सोनी ने इसे गंभीरता से लिया है और सीधे कहा है कि अधिकारी ही निगम को चला रहे हैं और जनप्रतिनिधियों की सुनवाई नहीं हो रही है। अधिकारी लगातार गड़बड़ियों को अंजाम दे रहे हैं। मनमाना टेंडर करते हुए काम कराया जा रहा है। ध्यान रहे इस मामले में जांच रिपोर्ट में उन अधिकारियों को बचा लिया गया है जिन्होंने इस पूरी गड़बड़ी को अंजाम देने में मुख्य भूमिका निभाई। मामले में सिर्फ उन दो अधिकारियों जोन क्रमांक 3 के तात्कालीन कार्यपालन अभियंता प्रवीण शुक्ला और जोन क्रमांक 3 के ही सहायक अभियंता भिमेन्द्र गौतम को नोटिस जारी कर औपचारिकता पूरी कर ली गई। पूरे मामले में परदा डाल दिया गया है और इसे एक त्रुटि बता दिया गया है।

दरअसल बिलासपुर के खेल परिसर मैदान में अगस्त 2025 में ब्राह्मण प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था। इस फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रकाश व्यवस्था के लिए नगर निगम ने टेंडर जारी किया। रायपुर, बिलासपुर और कोरबा की चार ठेका कंपनियों ने इसमें निविदा डाली। रायपुर की दीपक इलेक्ट्रिकल को यहां फ्लड लाइट लगाने का टेंडर एक करोड़ 50 लाख में प्राप्त हुआ। फ्लड लाइट के लिए मैदान के चारों ओर चार बड़े खंबे लगाए गए। प्रत्येक बड़े पोल में 50 बल्ब लगाए जाने थे। इस तरह कर चार बड़े पोल में 100 बल्ब लगाने की जिम्मेदारी दीपक इलेक्ट्रिकल ने उठाई। उसे डेढ़ करोड़ का काम दिया गया। दीपक इलेक्ट्रिकल की ओर से लेकिन 500 वाट का बल्ब लगाया गया और बिल बनाया गया 1000 वाट के बल्ब का।

प्रभारी ने फाइल नहीं दी

इस बारे में किसी प्रकार की जानकारी मेरे पास नहीं है। वैसे भी निगम अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। कौन सा काम या टेंडर कब किया जा रहा है, क्यों किया जा रहा कुछ नहीं बताया जा रहा है। बिजली विभाग के प्रभारी से मामले की फाइल मंगाई गई थी लेकिन वह भी नहीं दिया जा रहा है। स्मरण पत्र जारी किया जाएगा।

- विनोद सोनी
सभापति, नगर निगम

नान एसओआर की दर पर हुई खरीदी

नगर निगम की ओर से इसमें किसी प्रकार की कोई जांच नहीं की गई और सवा करोड़ रुपए का भुगतान भी कर दिया गया। बाद में जब नगर निगम के एमआईसी मेंबर और बिजली विभाग के प्रभारी विजय ताम्रकार को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने इसकी शिकायत नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे से की। शिकायत में अधिक बिल भुगतान से लेकर ठेकेदार द्वारा की गई गड़बड़ियों का जिक्र था। आयुक्त ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई। इसमें प्रवीण शर्मा (जोन कमिश्नर, जोन क्रमांक 7), निलेश पटेल (कार्यकारी अभियंता), रमन छाबड़ा (सहायक अभियंता) शामिल थे। जांच में शिकायत सही पाई गई और पाया गया कि बल्ब 500 वाट का हैं।

जोन क्रं.3 से टेंडर व भुगतान पर सवाल

इस पूरे मामले में खास बात यह है कि खेल परिसर का क्षेत्र जोन क्रमांक 7 के अंतगर्त आता है जबकि फ्लडलाइट लगाने का टेंडर जोन क्रमांक 3 से किया गया। कायदे से यह टेंडर जोन क्रमांक 7 से या फिर निगम मुख्यालय के बिजली विभाग की ओर से किया जाना था। सवाल इस बात का भी है कि आखिर पूरी बीलिंग से लेकर के टेंडर की पूरी प्रक्रिया जोन क्रमांक 3 से क्यों की गई। इससे भी बड़ी बात की टेंडर के साथ ही लाइट लग गई और भुगतान भी हो गया लेकिन किसी अधिकारी को कानों कान तक खबर नहीं लगी। इस मामले में नगर निगम के बड़े अधिकारियों पर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इसे दबाया क्यों जा रहा है और अभी तक किसी पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

6 घंटे बंद रही बिजली

बिलासपुर। सकरी क्षेत्र में शेड्यूल मेंटनेंस के नाम पर रविवार को 6 घंटे बिजली बंद रही, बताया जा रहा है कि सुबह 11 से 3 बजे तक शेड्यूल लिया गया था, जिसके तहत ट्रांसफार्मर और लाइनों को दुरूस्त किया गया, लेकिन इसके बाजवूद ठेकेदारों ने सप्लाई बंद की अवधि बढ़ाकर निर्माण कार्य किया, जिसके चलते 2 घंटे तक सकरी क्षेत्र में अतिरिक्त समय पर सप्लाई बाधित रही। इस दौरान उपभोक्ताओं को हलाकान होना पड़ा है। खास बात यह है कि दीपावली के चलते लोगों के घरों में कई निर्माण कार्य और साफ सफाई का काम जारी है, इस दौरान बिजली विभाग भी दीपावली पूर्व मेंटनेंस में जुट चुका है, यही कारण है कि शहर के कई इलाकों में रोजाना शेड्यूल मेंटनेंस के नाम पर बिजली बंद की जा रही है। रविवार को सकरी क्षेत्र में सुबह 11 से 5 बजे तक बिजली बंद रही।



पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद हुई हत्या की पुष्टि

पेट में चोट लगने से विचाराधीन बंदी की हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जेल में बंद विचाराधीन बंदी को स्वास्थ खराब कराने पर सिम्स में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान कैदी की मौत हो गई थी। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पीएम करवाया तो उसमें पुष्टि की गई कि पेट में बाहरी चोट लगने से कैदी की मौत हुई है। पुलिस ने उसके आधार पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का जुर्म दर्ज कर लिया है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मल्हार चौकी अंतर्गत बिनैका निवासी कन्हैया सोनी पिता नारायण सोनी 20 साल को मल्हार चौकी अपराध क्रमांक 433/24 धारा 296, 115, 2, 351, 2, 333, 117, 2 एवं 3, 6 बीएनएस के अपराध में कोर्ट के आदेश पर केन्द्रीय जेल में निरूद्ध था। 18 मई 2025 की रात विचाराधीन बंद कन्हैया सोनी को स्वास्थ खराब होने पर सिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंशुल मिंज की उपस्थित बंदी का पोस्टमार्टम कराया गया था। सिम्स के डाक्टर एसएन गोले ने पोस्टमार्टम करने के बाद पीएम रिपोर्ट सामान्य दी थी। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने डाक्टर गोले से पीएम रिपोर्ट की क्योरी कराई, दूसरी रिपोर्ट में डा. गोले ने पेट में बाहरी चोट लगने एवं आंतरिक अंगों की पैथोलॉजी के कारण ब्रेन हेमरेज की जटिलता के कारण मृत्यु होने पुष्टि की है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जेल प्रहरी श्रीधर कुमार ध्रुव पिता स्व. पीआर ध्रुव की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की बीएनएस धारा 103 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

परिजन से कहा था मृतक वह स्वस्थ है

मृतक के परिजन ने बयान दिया कि 16 मई 2025 को वे मृतक से मिलने से जेल गए थे। उस दौरान मृतक ने स्वस्थ होने व जेल में कोई परेशानी नहीं होने, किसी के द्वारा परेशान नहीं करने की बात थी। उसके दो दिन बाद अचानक तबीयत खराब हो गई और उसकी मौत हो गई। उस पर पीएम रिपोर्ट की क्योरी कराई गई, जिसमें पेट में बाहरी चोट लगने की पुष्टि हुई।

एक बंदी के मौत मामले में चल रही सीबीआई जांच

जनवरी 2024 में सीपत थाने से आबकारी एक्ट के तहत श्रवण सर्यवंशी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल में तबीयत खराब होने पर उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पीएम रिपोर्ट में हत्या होने की पुष्टि होने पर सिविल लाइन पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था। वर्तमान में उक्त मामले की सीबीआई जांच चल रही है।

खबर संक्षेप

भाजपा उत्तर मंडल ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात



बिलासपुर। भाजपा विधायक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 139वां एपिसोड जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के साथ सुना गया। यह कार्यक्रम बूथ क्रमांक 11, शक्ति केंद्र कपिल नगर, वार्ड क्रमांक 60, उत्तर मंडल, सरकंडा में सुना गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, स्थानीय कारीगरों और महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने, पर्यावरण संरक्षण तथा युवाओं में नवाचार की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने त्योहारों में स्वच्छता और एकता के संदेश को भी प्रमुखता से रखा। कार्यक्रम के पश्चात कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रवीण तिवारी, बूथ अध्यक्ष सोनू ठाकुर, पार्षद श्याम साहू, एल्डरमैन चंद्र प्रकाश मिश्रा, आलोक दुआ, शशांक तिवारी, अशोक सराफ, अभिषेक मिश्रा, अभिषेक साहू, नीरज कश्यप, मोनू जायसवाल, राजा मिश्रा, प्रवीण नायडू आदि मौजूद थे।

आयुक्त सर्वे ने किया हरिहर परिक्षेत्र का निरीक्षण



बिलासपुर। सेन्दरी साइट हरिहर ऑक्सीजोन पौधरोपण क्षेत्र में नगर पालिक निगम बिलासपुर के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने निर्माणाधीन नवग्रह, नक्षत्र वाटिका का निरीक्षण किया। इस दौरान संरक्षक अनिल टाह, डॉ एलसी मढ़रिया, पीके पंचायती, जी एल कश्यप, निर्मल अग्रवाल सहित हरिहर के सभी पुरुष-महिला विंग के सदस्य उपस्थित थे। निगम आयुक्त ने हरिहर ऑक्सीजोन के पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे अनुकरणीय कार्य की सराहना करते हुए कहा कि नक्षत्र वाटिका के बन जाने पर आम लोगों के लिए एक बड़ी सौगात होगी। आयुक्त ने निर्माणाधीन कार्य और उसकी गुणवत्ता का संरक्षक सदस्यों से गहन चर्चा की। दिसंबर तक कार्य पूर्ण होने की संभावना जताई गई। संरक्षक द्वय ने आयुक्त का स्वागत किया। महिला विंग ने फूल की पंखुड़ियों से अतिथि का सत्कार किया। इस अवसर पर सह संयोजक डॉ शंकर यादव, मोहित श्रीवास, किशोर दुबे, कालू गंभीर, पंकज कुम्भज शिव सारथी,श्रीराम यादव, सिकंदर रजक, हितेष चौहान,ओम प्रकाश गाइड, प्रमोद साहू,सतीश वर्मा, शेखर शर्मा, योगेश गुप्ता, संतोष चंद्र, अजय आरती, ममता गुप्ता, डॉ अन्नपूर्णा यादव, कल्पना गुप्ता, सीमा कुम्भज आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण



बिलासपुर। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला कोषालय का छमाही निरीक्षण किया। उन्होंने डबल लॉक व्यवस्था का भौतिक सत्यापन करने के साथ संबंधित पंजियों एवं अभिलेखों की जांच की और कोषालय के कामकाज की समीक्षा की। कलेक्टर ने स्टाम्प एवं टिकटों के संधारण, बिल पारित करने की प्रक्रिया, पेंशन भुगतान तथा लेखा संबंधी कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए सभी कार्य निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप करने के निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन रखने तथा बिलों और पेंशन प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री बसंत गुलेरी, सहायक कोषालय अधिकारी श्री सुजीत कुमार पात्रे, खजांची श्री ज्ञानू भारद्वाज, श्री के.के. यादव आदि उपस्थित थे।

रमन विश्वविद्यालय ने पंडा को दी पीएचडी



बिलासपुर। डॉ. सी.वी. रामन विवि कोटा ने सीएमडी महाविद्यालय के प्राध्यापक राजकुमार पंडा को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने कला संकाय के अंतर्गत भूगोल विषय में अपना शोध कार्य प्रसिद्ध शोध पर्यवेक्षक डॉ. काजल मोइत्रा के मार्गदर्शन में पूरा किया है। श्री पंडा के शोध का विषय छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर संभाग में प्रजनन क्षमता और मृत्यु दर पैटर्न का एक क्षेत्रीय विश्लेषण है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालयीन चेयरमैन डॉ संजय दुबे, प्राचार्य डॉ संजय सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

बंगाली एसोसिएशन ने ओआरएस का किया वितरित



बिलासपुर। बंगाली एसोसिएशन बिलासपुर ने शहर में दुर्गा पूजा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था व सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने विभिन्न चौक-चौराहों में तैनात रहे पुलिस एवं अन्य व्यवस्था कर्मियों को ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन वितरित किया। चंदन गांगुली ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य उन्हें राहत प्रदान करना तथा उनके समर्पण व सेवाभाव के प्रति आभार व्यक्त करना रहा। इस मौके पर एसोसिएशन के सदस्य निशांत चक्रवर्ती, सुमित कुंडू, प्रसून बनर्जी, अजय गुप्ता, सुमन घोष की उपस्थिति रही।

समिति को दिए गए 14 लाख रुपए

नए टेंट सहित किए गए अन्य कार्य, 22 लाख खर्च कर बनाए गए थे कैंप

खोंदरा का नेचर कैंप अब समिति के जिम्मे, जर्जर सड़क भी बनेगी

बिलासपुर। वन मंडल बिलासपुर का खोंदरा में संचालित होने वाले जर्जर नेचर कैंप की जिम्मेदारी वन समिति को दी गई है, जिसमें विभाग की ओर से समिति को काम के लिए 14 लाख रुपए दिए गए हैं। इसमें नए टेंट के साथ अन्य कार्य कराए गए हैं। वहीं खोंदरा जाने वाले रास्ते को भी मरम्मत कराने की योजना बनाई जा रही है।

नेचर कैम्प वन विभाग की महत्वपूर्ण योजना है। कुछ प्रमुख वन मंडलों में नेचर कैम्प बनाने की योजना थी। जब इन वन मंडलों की सूची में बिलासपुर वन मंडल का नाम शामिल हुआ था तो इस बात की प्रसन्नता हुई कि विभाग पर्यटकों को एक बड़ी सौगात दे रहा है। बिलासपुर वन मंडल ने शहर से करीब 55 किलोमीटर की दूरी पर खोंदरा के बोइरपड़ाव में वर्ष 2013-14 में नेचर कैम्प का निर्माण कार्य किया। जंगल



के बीचो बीच विभागीय अफसरों ने करीब 7 टेंट बनाए, जिसमें पर्यटकों के आराम के लिए बेड, खाने-पीने के लिए टेबल कुर्सियां, लाइट की भी सुविधा दी गई। अस्तित्व में आने के बाद नेचर कैम्प पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हो गया। इसकी वजह नेचर कैम्प के पीछे प्रकृति का भव्य नजारा था। घनघोर जंगल के बीच चट्टान और उसमें बहता पानी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र था। करीब 22 लाख रुपए से अधिक की लागत से बनाए गए नेचर कैम्प की कुछ दिन पहले तक न तो बुकिंग होती और न ही पर्यटकों को इस क्षेत्र में सैर करने की अनुमति दी जा रही थी। जर्जर हो रहे नेचर कैम्प को संवारने के लिए वन विभाग बिलासपुर के अफसरों ने ईस्टीमेट और बजट बनाकर कई बार मुख्यालय को भेजा, लेकिन बजट स्वीकृत के लिए किसी तरह की अनुमति नहीं दी गई। बजट के अभाव में विभाग नेचर कैम्प की मरम्मत भी नहीं कराया जा रहा था। असुविधा और विभाग की बेवजह की सख्ती के कारण पर्यटक भी नेचर कैम्प से मुंह फेर रहे थे, जिसकी वजह से विभाग को भी नुकसान हो रहा था।

किया जाएगा सड़क सुधार

नेचर कैंप की ओर जाने वाली सड़क की हालत काफी खराब है, जिसके कारण सैलानी वहां जाना पसंद नहीं करते हैं। सबसे अधिक हालत खराब बारिश के मौसम में होती है। कीचड़ और गड्ढे.की वजह से गाड़ियों को सड़क पर चलाना मुश्किल हो जाता है। सड़क को सुधारने के लिए पीएमजीएसवाय ने पहल की है, जिसमे 10 किलोमीटर की सड़क सुधारने के लिए वन विभाग से एनओसी भी ले ली गई है। सड़क सुधरने के बाद यहां सैलानियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।

गेट पर लगाया था ताला

खोंदरा नेचर कैम्प को संभालने वाले पूर्व कर्मचारियों के अनुसार विभाग मेंटनेंस से हाथ खींच चुका है। इसकी वजह से गेट पर ताला लगाए जाने के कारण प्रतिदिन सैलानी भी मायूस लौट रहे थे। सैलानियों के नहीं होने और मेंटनेंस के अभाव में नेचर कैम्प उजड़ने लगा था, जिसके चारों ओर झाड़ियां और टेंट का बुरा हाल हो गया। तेज आंधी से टेंट उड़ जाते थे। टेंट के अंदर बिछाए कारपेट खराब हो गए और दरवाजे के चेन नहीं लग रहे थे।

उद्देश्य नहीं हो सका पूरा

नेचर कैम्प बनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण व वनों के महत्व से अवगत करना, प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के प्रति रूचि जागृत करना और स्थानीय वनवासियों को ईको पर्यटन आधारित रोजगार से अवसर उपलब्ध कराना था। 10 साल बाद भी इसका उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया। किसी भी स्कूल के छात्रों का कैंप यहां नहीं लगा और न ही उन्हें पर्यावरण की जानकारी दी गई।

समिति को जिम्मेदारी दी गई

बोईरपड़ाव का नेचर कैंप की हालत काफी खराब हो चुकी थी। इसे संवारने के लिए कई बार बजट की मांग भी की गई। अब नेचर कैंप को समिति को दे दिया गया है। समिति इसको संवारने के साथ संचालन भी कर रही है। इसे सुधारने के लिए विभाग की ओर से 14 लाख रुपए की राशि भी दी गई है, जिसमें टेंट, झूला, पूरे एरिया की सफाई, सोलर पैनल, जर्जर हो चुके किचन का सुधार सहित अन्य कार्य कराया गया है। इससे समिति के सदस्यों को रोजगार भी मिल रहा है।

-यशपाल वर्मा, रेंजर, वन मंडल बिलासपुर

ट्रेनों के 12 से 14 घंटे विलंब से चलने के कारण यात्री परेशान

ट्रेनों की लेट लतीफी बरकरार सुबह की ट्रेन रात में पहुंच रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कुछ दिन बाद दीपावली पर्व के बाद छठ पर्व की शुरुआत हो जाएगी, जिसके लिए यात्रियों के एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक आने-जाने के लिए ट्रेनों में भीड़ शुरू हो गई है। ऐसे समय में भी यात्रियों को रेल प्रशासन समय पर पहुंचाने में नाकाम है। हालत यह है कि सुबह आने वाली ट्रेन 14 से 15 घंटे यानि दूसरे दिन पहुंच रही है, इसके चलते हजारों यात्री हर रोज हलाकान हो रहे हैं।

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के साथ रायपुर और नागपुर डिवीजन में आने-जाने वाली सुपरफास्ट और एक्सप्रेस, मेल ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या हजारों में होती है। एसईसीआर के तीनों डिवीजन से प्रतिदिन हावड़ा से मुम्बई मुख्य मार्ग की ट्रेनों का आवागमन होता है। हावड़ा जाने वाले यात्रियों में जहां व्यापारियों की संख्या अधिक होती है, तो मुम्बई की ओर जाने वाले यात्रियों में ज्यादातर मरीज होते हैं। यह यात्री मुम्बई के टाटा मेमोरियल हास्पिटल में अपना इलाज कराने के लिए जाते हैं। पिछले 5-6 सालों से यात्री ट्रेनों की लेट लतीफी का यही हाल है, जिसकी परेशानी प्रतिदिन यात्री झेल रहे हैं। बिलासपुर जोनल स्टेशन में सुबह आने वाली ट्रेनों का हाल और चाल ऐसा हो गया है कि हावड़ा से मुम्बई जाने वाली एक्सप्रेस, सुपरफास्ट ट्रेनें लोकल पैसेंजर की रफ्तार से शाम रात को पहुंच रही हैं। वहीं देर से पहुंचने के कारण ट्रेनों को मुम्बई सीएसएमटी और एलटीटी से भी लेट रवाना की जा रही है। त्यौहार के समय भी रेल प्रशासन यात्रियो की परेशानी दूर करने के लिए ट्रेनों को समय पर चलाने में नाकाम साबित हो रही है। इसी तरह का हाल रविवार को रहा। हावड़ा और मुम्बई के अलावा निजामुद्दीन, पुरी से



बिलासपुर आने वाली ट्रेनें घंटों लेट पहुंची। इसमें 58203 कोरबा-रायपुर 10.15 सुबह के बजाय 12 बजे दोपहर 2 घंटे, 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस देर रात 1 बजे के बजाय दूसरे दिन 12 बजे के बाद 11घंटे, 18478 योगनगरी ऋषिकेश से पुरी के बीच चलने वाली उत्कल एक्सप्रेस सुबह 9 बजे के बजाय दोपहर 1 बजे के बाद 4 घंटे, 13425 मालदा टाउन से सूरत के बीच चलने वाली एक्सप्रेस सुबह 8 बजे के बजाय दोपहर 1 बजे के बाद 5 घंटे, 12442 नई दिल्ली से बिलासपुर आने वाली राजधानी एक्सप्रेस दोपहर 12 बजे के बजाय दोपहर 2 बजे के बाद 2 घंटे, 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस सुबह 11.35 के बजाय दोपहर 2 बजे के बाद 3 घंटे, 12152 शालीमार से एलटीटी मुम्बई सुबह 9.15 बजे के बजाय 3 बजे के बाद 5 घंटे लेट, 68862 झारसुगुड़ा से गोंदिया मेमू दोपहर 12.30 बजे के बजाय 3 बजे के बाद 3 घंटे, 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस दोपहर 2.15 बजे के बजाय 5 बजे 3 घंटे, 17007 चर्लपल्ली से दरभंगा जंक्शन 2.25 बजे के बजाय शाम 6 बजे के बाद 4 घंटे, 12410 हजरत निजामुद्दीन से रायगढ़ के दोपहर 3.30 बजे के बजाय रात 8 बजे के बाद 4 घंटे लेट, 22844 बक्सर से बिलासपुर शाम 5.20 बजे के बजाय देर रात 1 बजे के बाद 8 घंटे, 12129 पुणे-हावड़ा एक्सप्रेस शाम 4.20 बजे के बजाय देर रात 12 बजे के बाद 8 घंटे, सुबह 9 बजे आने वाली हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस दूसरे दिन 12.30 बजे 16 घंटे लेट, 18109 टाटानगर जंक्शन से नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी जंक्शन शाम 7.10 बजे के बजाय देर रात 1 बजे के बाद 6 घंटे लेट से अधिक लेट पहुंची।

सफर करने वालों के साथ इंतजार करने वाले भी परेशान

रेल प्रशासन ने लंबी दूरी की ट्रेनों के पेंट्रीकार में भोजन व नाश्ता बनाने पर प्रतिबंध लगाकर रखा हुआ है। बेस किचन से सभी ट्रेनो में भोजन व नाश्ता चढ़ाने का काम हो रहा है। वहीं यात्री भी अपने जरूरत व समय के अनुसार खाने-पीने के सामान लेकर सफर करते हैं। ट्रेनों की लेट लतीफी के कारण बेस किचन का ठंडा भोजन चढ़ाने का काम किया जा रहा है, जो यात्रियों तक पहुंचने से पहले ही बासी हो जाता है। ट्रेन में सफर करने वालों के साथ यात्रियों को स्टेशन में घंटो इंतजार करना मजबूरी बन गई है।

महिला ने रेलवे अधिकारी पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- आंतरिक समिति कर रही जांच

बिलासपुर रेल मंडल के एक अधिकारी पर प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा कार्यरत महिला पर यौन संबंध बनाने का दबाव बनाने आरोप लगा है। इसकी शिकायत महिला कर्मचारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन में की गई है। जिसके बाद महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों पर भी मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच का जिम्मा आ चुका है। फिलहाल रेलवे की आंतरिक समिति द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

रेलवे में प्लैसमेंट एजेंसी द्वारा कार्यरत महिला को यौन संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने और इसका विरोध करने पर नौकरी से निकालने का मामला सामने आया है। आरोप रेलवे के बड़े अधिकारी पर लगाया गया है। महिला ने इसकी शिकायत रेल मंत्री, राज्य महिला आयोग, सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कराई है। जिला महिला बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी को भी जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश मिले हैं। बताया जा रहा है कि रेलवे के कंस्ट्रक्शन विभाग में पदस्थ अधिकारी ने अपने ही अधिनस्त महिला कर्मचारी का फायदा उठाने की कोशिश की थी, अनैतिक संबंध बनाने का दबाव बनाया था।

महिला कर्मचारी ने इसका विरोध किया तो उसे नौकरी से निकलवाने की धमकी दी जा रही है। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में बिल्हा विकासखंड के रानी दुर्गावती नगर क्षेत्र से शिकायत दर्ज कराई गई है।

रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकेगा

मामला एक सप्ताह पुराना है, इसकी जानकारी हमें मिली थी, जिसके बाद रेलवे के अधिकारियों से बातचीत की गई है, उनकी समिति में यह मामला पहुंच चुका है, पहले वे जांच करेंगे और उनकी कार्रवाई से संतुष्ट नहीं होने पर प्रार्थी विभाग में अपना पक्ष रख सकती है। रेलवे की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

-सुरेश सिंह, परियोजना अधिकारी, महिला एवं विकास विभाग

एजुकेशन प्लस

एवीएम न्यू सैनिक स्कूल में कैडेट्स के लिए टेबल एटिकेट्स प्रशिक्षण



बिलासपुर। आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन एवं सामाजिक शिष्टाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एवीएम कैडेट्स मेस में टेबल एटिकेट्स (भोजन संबंधी शिष्टाचार) पर विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर मध्य प्रदेश के सहायक प्राध्यापक जोजी जोस उपस्थित रहे।

उन्होंने कैडेट्स को भोजन के दौरान अपनाए जाने वाले उचित व्यवहार, टेबल मैनर्स, कटलरी के सही उपयोग, भोजन परोसने एवं ग्रहण करने के शिष्ट तरीकों तथा औपचारिक भोज में आवश्यक शिष्टाचार की जानकारी दी। उन्होंने बताया गया कि टेबल एटिकेट्स केवल भोजन करने का तरीका नहीं, बल्कि व्यक्ति के संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का प्रतिबिंब है। विद्यालय के डायरेक्टर एस. के. जनस्वामी ने कहा कि सैनिक स्कूल के कैडेट्स के लिए अनुशासन और शिष्टाचार उनके दैनिक जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए। प्राचार्या जी. आर. मधुलिका ने कहा कि कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के लिए अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ जीवन कौशल, सामाजिक व्यवहार और व्यक्तिगत शिष्टाचार आवश्यक है।

श्री क्लीनिक में कार्यशाला का समापन



बिलासपुर। श्री क्लीनिक आक्यूपेशनल थेरेपी एवं फिजियो थेरेपी सेंटर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित जेरियाट्रिक रिहैबिलिटेशन आकलन कार्यशाला का समापन हो गया। इसमें वक्ताओं ने शारीरिक क्षमता, संतुलन और आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर जोर दिया। वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, शारीरिक क्षमता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईदगाह चौक श्री क्लिनिक आक्यूपेशनल थेरेपी एवं फिजियोथेरेपी केंद्र में रविवार को जेरियाट्रिक रिहैबिलटेशन आकलन कार्यशाला आयोजित की गई। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजत इस कार्यशाला में वरिष्ठ नागरिकों की शरीरिक स्थिति और दैनिक गतिविधियों का आकलन किया गया। प्रतिभागियों को बेहतर जीवन शैली, दैनिक कार्यों में अधिक सक्षम बनने, संतुलन सुधारने और गिरने से होने वाली संभावित चोटों के जोखिम को कम करने के संबंध में मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया गया।

इस कार्यशाला में डॉ सुजाता बाजपेई, डॉ विजयश्री, डॉ यश्मि, चंचल शर्मा, मनीष, विश्वजीत, ज्योति यादव, आरती साहू, पदमा, उमेश नवरंग वर्षा, पूनम, रीतू नंदनी, उषा लक्ष्मी आदि का सहयोग रहा।

डीएलएस रासेयो ने मल्हार में जगाई नशामुक्ति की अलख



बिलासपुर। डीएलएस महाविद्यालय बिलासपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा पुरातात्विक एवं धार्मिक महत्व के स्थल मल्हार में 'नशामुक्त युवा समाज' विषय पर एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

स्वयंसेवकों द्वारा नशामुक्ति के संदेश पर आधारित नुक्कड़ नाटक तथा जागरूकता रैली निकाली गई। शिविर का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी हिमानी तिवारी एवं प्रभारी रविशंकर जायसवाल ने किया। महाविद्यालय की चेयरपर्सन निशा बसंत शर्मा व प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं। दलनायक यदुवीर साहू ,दल नायिका निधि गुप्ता, टिकेश्वर साहू, मंजीत सिंह, किशन साहू,रोनित, मानस, मयंक, मोनिका सिरसो, नीलाक्षी घृत, नीलिमा, तान्या शर्मा, दिया, राधिका, चांद, आस्था आदि रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

छठ महापर्व का शुभारंभ 13 नवंबर को, समापन 16 को होगा

छठ महापर्व 2026 के लिए छठ पूजा समिति गठित, झा अध्यक्ष, सिंह सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विगत 26 वर्षों से लगातार बिलासपुर वासियों द्वारा छठ घाट पर सामूहिक रूप से छठ महापर्व मनाया जाता है । इस बार छठ महापर्व का शुभारंभ 13 नवंबर को नहा खा एवं माता अरपा की महा आरती से होगी।

14 नवंबर को खरना, 15 नवंबर को संध्य अर्घ दिया जाएगा। इसी तरह 16 नवंबर को सुबह का अर्घ के साथ समापन होगा । छठ महापर्व 2026 के लिए छठ घाट पर आज पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच, भोजपुरी समाज, सहजानंद सरस्वती समाज एवं छठ माता की भक्तों की सामूहिक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता व्ही एन झा ने किया। बैठक में प्रवीण झा को अध्यक्ष एवं



विनोद सिंह को समिति का सचिव चुना। नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री झा ने अन्य पदाधिकारी को छठ पूजा समिति में शामिल किया। जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कुमार दास, उपाध्यक्ष सुधीर झा, ए के कंठ, लव कुमार ओझा, राम प्रताप सिंह, सहसचिव रौशन सिंह, धनंजय झा, प्रशांत सिंह कार्यालय सचिव हरिशंकर कुशवाहा, दिलीप चौधरी, राकेश दीक्षित, कोषाध्यक्ष डॉ कुमुद रंजन सिंह कार्यकारिणी सदस्य पी सी झा,चंद्र किशोर प्रसाद, अजीत पंडित, प्रमोद सिंह, रामसखा चौधरी,मुकेश झा,चंदन सिंह,राजीव गिरी,निर्भय चौधरी, दिलीप श्रीवास, विकास राय, सतीश सिंह, विनोद सिंहा, हेमंत झा, जितेंद्र ठाकुर, परमेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, रविंद्र सिंह, आशीष मिश्रा, अंबिकेश पांडे, रविंद्र कुशवाहा, शौलेंद्र सिंह, रुपेश कुशवाह, आदित्य सिंह शामिल है। संरक्षक मंडल में एस पी सिंह, व्ही एन झा, आर पी सिंह, अशोक झा, एस के सिंह, विजय ओझा, अभय नारायण राय। 1 नवंबर को सुबह 11 बजे छठ घाट पर छठ पूजा कार्यालय का शुभारंभ किया जाएगा। आज की बैठक का संचालन राम प्रताप सिंह ने किया।

आज की बैठक में डॉ अजय सिंह, गणेश गिरी, सी एम सिंह, राम गोस्वामी, अविनाश कुमार सिंह, बी एन ओझा, जगदानंद झा, विजय कुमार सिंह, विनय सिंह, रंजय सिंह, जे पी सिंह, मिथिलेश ठाकुर, मुकेश सिंह, राजीव सिंह, विवेक कुमार, रंजन शर्मा आदि मौजूद थे।

आचार्य आरंभ स्कॉलरशिप परीक्षा में उमड़े 2700 से अधिक छात्र



बिलासपुर। कोचिंग संस्थान आचार्य इंस्टीट्यूट द्वारा 25 अक्टूबर रविवार को आयोजित आचार्य आरंभ स्कॉलरशिप एग्जाम में रिकॉर्ड 2700 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। कक्षा 5वीं से 12वीं तक के हिंदी व अंग्रेजी मीडियम के मैथ्स और बायो के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। परीक्षा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आचार्य इंस्टीट्यूट की तीनों ब्रांच - राजेंद्र नगर, सरकंडा और सीएमडी चौक में आयोजित हुई। संस्थान के डायरेक्टर संदीप द्विवेदी ने छात्रों को लक्ष्य तय करने, सही दिशा में मेहनत करने और आईआईटी- जेईई व नीट की तैयारी करने मार्गदर्शन दिया। आचार्य इंस्टीट्यूट बिलासपुर ने 1 नवंबर ,रविवार को आरंभ स्कॉलरशिप एग्जाम का सेकंड फेस (दूसरा चरण) आयोजित करने का फैसला लिया है। ऐसे सभी छात्र जो पहले चरण में किसी कारण से छुट गए है उन्हें दुबारा आरंभ स्कॉलरशिप एग्जाम देने का मौका मिलेगा। 22 नवंबर को आचार्य आरंभ स्कॉलरशिप टेस्ट मुंगेली जिले में होगा। मुंगेली के प्रतिभावान छात्र आईआईटी- जेईई व नीट और फाउंडेशन को मजबूत करने के लिए इस मौके का लाभ मुंगेली ब्रांच में आकर ले सकते हैं।

हरिभूमि

बिलासपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में विशेष पूजा, गाए गए भजन



शरद पूर्णिमा पर रविवार को शहर के श्री व्यंकटेश मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना कर भजन कीर्तन गाए गए। रात्रि के 12 बजे तक प्रसाद का वितरण किया जाता रहा। वहीं कई लोगों ने व्रत रख कर चंद्रमा को अर्ध्य दिया। स्नान-दान का क्रम चला।

श्रद्धालुओं ने व्रत रख कर दिया चंद्रमा को अर्ध्य







बिलासपुर। माना जाता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी किरणों से अमृत बरसता है। इस रात चावल और दूध से बनी खीर को मटकी या साफ बर्तन में ढककर खुले आसमान के नीचे रखा गया और अगले दिन सोमवार को उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाएगा। इस रात माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा की गई।

जागरूकता

नशे को लेकर जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय



बिलासपुर। इनरव्हील क्लब बिलासपुर रॉयल्स ने नशे को लेकर जनजागरण अभियान चलाने चर्चा की गई। वहीं एक जरूरतमंद व्यक्ति को नया ठेला प्रदान किया। इनरव्हील क्लब की आधिकारिक यात्रा पर शहर पहुंची डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मंजूषा वैयम पायम तथा क्लब अध्यक्ष आसमां नासिर खान ने कहा कि क्लब की सभी सदस्यों को हर महीने स्कूल में जाकर बच्चों के बीच जन जागरण अभियान चलाना चाहिए। काउंसलर की मदद से उन्हें नशे से दूर रहने की सलाह देना है। क्लब की आईएसओ वंशिका वर्मा ने एक जरूरतमंद बच्ची को आर्थिक मदद तथा उसके डायलिसिस का पूरा खर्चा वहन करने की जिम्मेदारी ली है। आधिकारिक यात्रा के दौरान क्लब की वाइस प्रेसीडेंट स्वाति सिंह, सचिव लीना सिंह, ट्रेजरार स्नेहा अग्रवाल, डॉ शिखा सिंह, हरजीत सिंह, रश्मि परिहार, नूपुर जाजोदिया, रोमा, प्रीति, डॉ आकांक्षा दीक्षित उपस्थित थी।

आयोजन

शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा, कौशल को बढ़ाने दिया प्रशिक्षण



बिलासपुर। मितवा महिला कल्याण एवं सेवा समिति बिलासपुर के तत्वाधान में नई शिक्षा नीति 2020 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें प्रवीण दुबे ने डिजिटल साक्षर पर चर्चा की। प्रदीप पांडेय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोहरिक यादव ने कौशल विकास पर चर्चा की। वासुदेव पाण्डेय ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। भूपेंद्र कौशिक ने 5+3+3+4 उच्च शिक्षा नेशनल पॉलिसी पर प्रकाश डाला। दीपक गुप्ता ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, रेखा गुल्ला ने कौशल को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है, इस विषय पर अपने विचार रखे। संतोषी वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन स्वाति गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन को-आर्डिनेटर तृप्ति साहू ने किया। इस मौके पर दीपिका ठाकुर, सुनीता दास, फ्रांसिस्का एक्का, अमन कोसले, स्कूल के प्रधान पाठक, सीएससी, एसएमसी उपस्थित थे।

कार्यक्रम

मेधावी छात्र-छात्राओं का मेडल से किया सम्मानित



बिलासपुर। अचानकमार अभ्यारण्य क्षेत्र में स्थित शिवतराई आश्रित ग्राम नकटा बांधा के प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत मेधावी आदिवासी छात्र-छात्राओं को सेवा एक नई पहल व ब्रह्माकुमारीज ने संयुक्त रूप से मैडल पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर इंदर गुरबानी, सोनू पाहुजा, अरुण चौधरी, सुनील तोलानी, रेणु मूंदड़ा, दीपिका, प्रियंका, सरोज अग्रवाल, रेणु गौतम मुख्य सेवाकेंद्र राजयोग भवन से आगत अतिथि स्वाति दीदी, संतोषी दीदी, आरती दीदी, वसुधा दीदी ने स्वेटर का वितरण किया एवं व्यवहारिक खेल के माध्यम से ईश्वरीय ज्ञान व ध्यान से अवगत करा सहज जीवन शैली आत्मसात करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर कमल छाबड़ा, रेखा आहुजा, सिम्मी अरोरा, रेशु जेठमलानी, महेंद्र माखीजा, नारायण नायक, सतराम जेठमलानी सहित शालेय स्टाफ की उपस्थिति रही।

स्पोर्ट्स

एलसीआईटी के तीन खिलाड़ियों का बास्केटबॉल व वॉलीबाल में चयन



बिलासपुर। एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस बोदरी के तीन महिला खिलाड़ी अनन्या शुक्ला, पूर्णिमा साहू और गरिमा सिंह चौहान का चयन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आबंटित राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल व वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आबंटित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी में 26 व 27अक्टूबर को भाटापारा मे आयोजित है। इस प्रतियोगिता के लिए एलसीआईटी कालेज की तीन छात्राओं का चयन बिलासपुर सेक्टर महिला बास्केटबॉल टीम में हुआ है। उसी प्रकार शासकीय मिनी माता महाविद्यालय बलौदाबाजार की मेजबानी मे 28 व 29 अक्टूबर को राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए छात्रा गरिमा सिंह चौहान का चयन वॉलीबाल महिला टीम में हुआ है। इन खिलाड़ियों का चयन सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छे खेल कौशल प्रदर्शन के आधार पर किया गया।

अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा शरद पूर्णिमा पर खीर वितरण



शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति के बैनर तले सरकंडा स्थित अरपा पुल के पास खीर वितरण एवं दीपदान का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं सेवा भाव से ओतप्रोत कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति के साथ शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर खीर का वितरण कर लोगों को पर्व की शुभकामनाएँ दी गईं तथा दीपदान कर सुख, शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं सामाजिक सेवा के महत्व का संदेश दिया गया। अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति का उद्देश्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने के साथ-साथ समाज में सेवा, सद्भाव और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना है। समिति द्वारा इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने सभी को शरद पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए समाज सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में निरंतर योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ चित्रा तिवारी, ऊर्मिला शर्मा, विनय शर्मा, अणिमा तिवारी, कावेरी शर्मा, सीमा राजेश शुक्ला,सुलेखा तिवारी, प्रतिमा पांडेय, बरखा शर्मा, शीलम पांडेय, राही दुबे, अराधना मिश्रा, मीनू शर्मा, पूनम, प्रतीक्षा तिवारी उपस्थित रही।

शरद पूर्णिमा की चंद्रमा शीतलता, पूर्णता का प्रतीक



प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में शरद पूर्णिमा पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने मन की शीतलता, आत्मिक पवित्रता और दृढ़ संकल्प के महत्व को समझाकर श्रेष्ठ संस्कार अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शरद पूर्णिमा की चंद्रमा शीतलता और पूर्णता का प्रतीक है। इसी प्रकार हमारे मन में भी शांति, प्रेम और मधुरता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्चा वैराग्य संसार और जिम्मेदारियों को छोड़ना नहीं, बल्कि उनके बीच रहते हुए देह-अभिमान से मुक्त रहकर श्रेष्ठ कर्म करना है। केवल संकल्प करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे दृढ़ता से कर्म में लाना आवश्यक है। व्यर्थ विचारों और समय को समाप्त कर कथनी और करनी में समानता लानी चाहिए। इसके लिए नियमित रूप से स्वयं का निरीक्षण करना जरूरी है। आध्यात्मिक ज्ञान की वास्तविक झलक व्यक्ति के चेहरे, व्यवहार और कर्मों में दिखाई देनी चाहिए। मन में परमात्म स्मृति, स्वभाव में मधुरता और कर्मों में श्रेष्ठता ही जीवन द्वारा की जाने वाली सच्ची सेवा है।

श्री गुरु रामदास के प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान पर जस



बिलासपुर। गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा में श्री गुरु रामदास के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं सुखमणि साहिब सर्कल के सहयोग से मनाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, रविवार को विशेष दीवान का आरंभ हुआ। इसमें विशेष तौर से पानीपत से आये भाई हरकीरत सिंह का जत्था द्वारा सिमरन एवं गुरु जस गायन किया गया।

गुरपुरब की इस कड़ी में विशेष तौर पर पानीपत से हरकीरत सिंह दुआरा 26 एवं 27अक्टूबर को सुबह एवं शाम को कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। जिसमें साधसंगत ने बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया और समाप्ति उपरांत लंगर प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सभी सदस्य एवं सुखमणि साहिब सर्किल के सभी सदस्य दलजीत कौर सलूजा, हरमीत कौर गंभीर, मनप्रीत कौर मक्कड़, रविंदर कौर गंभीर, जसमीत कॉल सवानी खुशबू और छाबड़ा संदीप कौर का योगदान है।

शरद पूर्णिमा पर जगराता



शरद पूर्णिमा पर महालक्ष्मी जी की पूजा अर्चना आरती पश्चात खीर व भोग प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जगराता का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालु जन मां के भक्ति गीतो से आनंदित होकर मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त किये। रविंद्र सिंह ने कहा कि आज ही के दिन भगवान कृष्ण ने गोपियों के साथ महारास किया था। कार्यक्रम में समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी विजय तिवारी चंद्रनाथ चटर्जी प्रशांत पांडे अनूप चटर्जी बब्लू केसरवानी अजय सिंह शिवा मुदीलयार मनोज शुक्ला ओमकार केसरवानी उत्तम चटर्जी मुन्नू केसरवानी राघवेंद्र सिंह संदीप मिश्रा आदि सिंह पप्पू बिष्ट आदि उपस्थित थे।

कुष्ठ आश्रम में फल वितरण



लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन ने शरद पूर्णिमा के अवसर पर कुष्ठ आश्रम ब्रह्म विहार में कपड़ों एवं फलों का वितरण कर उनके प्रति प्रेम सम्मान और सेवा भाव व्यक्त किया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य उनके चेहरे पर मुस्कान लाना और उन्हें अपनत्व का एहसास कराना था। इस सेवा कार्य में डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन शशि आहूजा, जीत उपवेजा, अमरजीत छाबड़ा, उषा सलूजा, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन शंपा दत्ता, अध्यक्ष आरती अंबष्ट, जोन चेयरपर्सन आरती साहू का सहयोग रहा।

गौसेवकों को शरद पूर्णिमा का महत्व बताया



श्रीधाम वृंदावन से दो दिवसीय प्रवास पर शहर पहुंचे वैष्णवाचार्य पुण्डरीकाक्षाचार्य स्वामी महाराज गौसेवकों ने किया भव्य स्वागत बिलासपुर गौसेवा धाम में गौवंशो के मध्य में गौसेवकों को शरद पूर्णिमा का महत्व बताया हुए कहा महारास अर्थात एक ऐसा महोत्सव जिसमें स्वयं ब्रह्म द्वारा जीव को अपने ब्रह्म रस में डुबकी लगाने का परम सौभाग्यशाली अवसर प्रदान किया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण स्वयं पूर्ण ब्रह्म हैं तो असंख्य गोपियाँ वो साधक हैं जिन्होंने अपने सर्वस्व का त्याग कर केवल उन पूर्ण ब्रह्म का वरण किया है। इस अवसर पर बिलासपुर गौसेवा धाम के गौसेवक गोपाल कृष्ण रामानुज दास, विपुल शर्मा, शत्रुघन कृष्ण,महेश रजक, सांतनु कृष्ण, अनिमेष सोनी, राजेंद्र देवांगन, शुभम मिश्रा शिवांश पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

सरस्वती शिक्षा संस्थान की विभाग स्तरीय बैठक



बिलासपुर। सरस्वती शिक्षा संस्थान की वार्षिक कार्ययोजना के अंतर्गत विभाग स्तरीय समिति पदाधिकारी,व्यवस्थापक एवं प्राचार्य-प्रधानाचार्य बैठक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलक नगर के परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जुड़ावन सिंह ठाकुर, विद्या भारती, वैभव कुमार पाण्डेय, रविन्द्र सराफ, राजेन्द्र शर्मा, डॉ भुवन सिंह राज, गेंदराम राजपूत की उपस्थिति रही। जुड़ावन सिंह ठाकुर ने कहा "हम सभी विद्या भारती के निमित्त कार्यकर्ता हैं। जब हम मिल-जुलकर विद्यालय विकास की संकल्पना को साकार करेंगे, तभी शिक्षा का वास्तविक उन्नयन संभव होगा। वर्तमान युग तकनीक प्रधान है। अतः प्रत्येक विद्यालय को समय की माँग के अनुरूप नवीन तकनीकों, नवाचारों एवं प्रयोगों को आत्मसात कर स्वयं को उन्नत करना होगा। इस अवसर पर बिलासपुर विभाग अंतर्गत संचालित 22 सरस्वती शिशु मंदिरों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, प्रबंध समिति सदस्य, प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्नर न्यूज

सिम्स में लैब टेक्नोलॉजिस्ट दिवस मनाया गया

लैब टेक्नीशियन जीवन बचाने वाले मौन नायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एमएलटी मेडिकल टीम का अहम हिस्सा, इनके बिना इलाज अधूरा

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिम्स के अधिष्ठाता डॉ रामणेश मूर्ति थे। इस अवसर पर पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष, चिकित्सक तथा मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लैब टेक्नोलॉजिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई और सभी एमएलटी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों और एमएलटी साथियों के तिलक लगाकर तथा गुलाब का फूल भेंट कर स्वागत के साथ हुई। स्वागत उद्बोधन में श्रीमती आबिदा बेगम ने मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दिवस महान वैज्ञानिक एंटोनी वॉन ल्यूवेनहॉक के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है, जिन्हें सूक्ष्मजीव विज्ञान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है। सूक्ष्मदर्शी के माध्यम से सूक्ष्म जीवों के अध्ययन ने आधुनिक प्रयोगशाला चिकित्सा के विकास में अहम भूमिका निभाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिम्स के अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति ने कहा कि मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट चिकित्सा दल का अभिन्न हिस्सा हैं। इनके बिना चिकित्सकों के लिए मरीजों की बीमारी का सही निदान करना और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना कठिन है। प्रयोगशाला में की जाने वाली जांच मरीज के उपचार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि सिम्स का लक्ष्य है कि यहां आने वाला प्रत्येक मरीज बेहतर उपचार प्राप्त कर स्वस्थ हो और चेहरे पर मुस्कान लेकर घर लौटे। उन्होंने प्रयोगशालाओं में उपलब्ध सुविधाओं और संसाधनों से जुड़ी कमियों को दूर करने की दिशा में प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। डॉ मूर्ति ने एमएलटी कर्मचारियों के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें "सफेद कोट में जीवन बचाने वाले मौन नायक" बताया। उन्होंने कहा कि पर्दे के पीछे रहकर काम करने वाले इन कर्मचारियों का योगदान मरीजों की सुरक्षा और बेहतर चिकित्सा सेवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। चिकित्सकों ने एमएलटी स्टाफ के योगदान को सराहा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ स्टाफ दुष्यंत रॉय, देव सिंह मर्को, किरण श्रीवास, सोमाराज श्रीवास सहित खेदूत साहू, रवि पांडे, मनीष चतुर्वेदी, जया शाह, श्वेता वर्मा,पिकी वाधवानी बृजभान संजय, सुमन गुप्ता, रमेश श्रीवास, रविंद्र, अरुण, नरेंद्र, रामफल,कृष्णा अजय, तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

खबर संक्षेप



ग्राम सेमरताल में लगा पीएम सूर्य योजना शिविर

बोदरी। जनपद पंचायत के ग्राम सेमरताल में 24 अक्टूबर को पी एम सूर्यघर योजना के संबंध में शिविर लगाया गया। इस दौरान डी के शिवहरे, जिला मिशन प्रबंधक, ए के वर्मा सर जिला कार्यक्रम प्रबंधक के साथ - साथ विकासखंड से एनआरएलएम टीम, पीआरपी बिहान कैडर एवं विद्युत विभाग के अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में 147 आवेदन प्राप्त किया गया।

जनगणना के लिए दिया गया प्रशिक्षण

मुंगेली। जनगणना 2027 के आगामी चरण की तैयारियों को व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रशिक्षण में जिला एवं चार्ज स्तर के जनगणना अधिकारियों तथा कर्मचारियों को जनगणना की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली और दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी गई। जनगणना कार्यालय द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक विद्यानंद एवं विक्रम ने प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

बहू से मारपीट जेठ पर जुर्म दर्ज

तखतपुर। बहू के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने वाले जेठ के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम सोनबंधा निवासी शारदा कुर्रे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 22 अक्टूबर की शाम करीब 6:30 बजे उसकी सास गीता कुर्रे के साथ घरेलू बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। इसी दौरान उसका जेठ रंजीत कुर्रे वहां पहुंचा और गाली गलौज करते हुए विवाद करने लगा जब प्रार्थीयां ने मना कि तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है।

निधन

गीता देवी

बिलासपुर। बी- 17 जयसवाल कॉलोनी मंडपम के पास तिफरा निवासी गीता देवी का 25 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे उनके निवास से सेक्टर डी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संदीप कुमार की माता थीं।



फोटो बाई यादव

बिलासपुर। ग्राम सेमरताल ताल निवासी फोटो बाई यादव का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 76 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 25 अक्टूबर को तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व भुजबल राम यादव पत्नी थीं।



राजकुमार साहू

बिलासपुर। कस्तूरबा नगर निवासी राजकुमार साहू का 25 अक्टूबर को स्वर्गवास हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 26 अक्टूबर सोमवार को सुबह 10:30 बजे ग्राम ओखर स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्वर्गीय अनंत राम साहू के सुपुत्र तथा तकेश्वर साहू, शिव साहू, मन्नू साहू एवं पोषण साहू के भाई थे।



रामचरण भोई

बिलासपुर। लखराम निवासी रामचरण भोई का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 94 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को गृहग्राम में किया गया । वे रामकुमार भोई, शिवकुमार और लक्ष्मीकुमार भोई के पिता थे।



भास्कर प्रसाद कौशिक

तखतपुर। ग्राम टांडा के वरिष्ठ नागरिक भास्कर प्रसाद कौशिक का 60 वर्ष की आयु में 24 अक्टूबर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम टांडा में किया गया।



बचेगा परिवहन खर्च, नहीं जाना पड़ेगा दूर

नया धान खरीदी केंद्र खुलने से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी

मस्तूरी। धान की उपज बेचने के लिए गाड़ी किराए पर लेने और कई किलोमीटर दूर जाने की परेशानी से अब सरसेनी सहित बकरकुदा और मटिया के किसानों को राहत मिलेगी। मस्तूरी विकासखंड की ग्राम पंचायत सरसेनी में इस खरीफ सीजन से नया धान खरीदी केंद्र खोला जा रहा है। केंद्र से तीनों गांवों के 784 किसानों को नजदीक में ही धान बेचने की सुविधा मिलेगी। इनमें 766 पुराने और लगभग 18 नए पंजीकृत किसान शामिल हैं। क्षेत्र के अधिकांश किसान छोटे कृषक हैं, जिनके लिए परिवहन खर्च में कमी बड़ी राहत होगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के साथ ही धान बिक्री की सुविधा उनके नजदीक उपलब्ध कराने के लिए उपार्जन केंद्रों का विस्तार कर रही है। किसानों को धान का प्रति क्विंटल 3 हजार 100 रुपए मूल्य दिलाने की प्रतिबद्धता के साथ बिलासपुर जिले में 14 नए धान खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। जिले के 140 पुराने और 14 नए केंद्रों को मिलाकर अब कुल 154 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी की जाएगी। इससे किसानों की दूरी घटेगी और धान परिवहन में लगने वाले खर्च तथा समय की बचत होगी। ग्राम पंचायत सरसेनी की सरपंच आंचल नारायण सोल्डे ने बताया कि सरसेनी के किसानों को अब तक धान बेचने के लिए लगभग आठ किलोमीटर दूर जैतपुर जाना पड़ता था। छोटे किसानों को अपनी सीमित उपज ले जाने के लिए भी गाड़ी किराए पर करनी पड़ती थी। सरसेनी में केंद्र खुलने से आसपास के गांवों के किसानों को भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। सरसेनी के किसान मालिक राम कैवर्त ने बताया कि जैतपुर तक धान पहुंचाने में भाड़े के साथ काफी समय भी लगता था। गांव में ही खरीदी की सुविधा मिलने से अब धान बेचना आसान होगा। खेती की अन्य जरूरतों के लिए भी किसानों का समय बचेगा। ग्राम पंचायत मटिया के प्रतिष्ठित किसान राधेश्याम चंदेल ने बताया कि उन्हें धान बेचने के लिए जैतपुर तक लगभग 12 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी। उपज पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्था करना और उसका किराया देना छोटे किसानों के लिए खर्च का बड़ा कारण था। अब पास में ही खरीदी केंद्र खुलने से यह परेशानी कम होगी। उन्होंने इस सुविधा पर खुशी व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया । नया धान खरीदी केंद्र सरसेनी सेवा सहकारी समिति मर्यादित के अधीन संचालित होगा। समिति का पंजीयन क्रमांक 805 तथा संबद्ध सहकारी बैंक शाखा मल्हार है। इस खरीफ सीजन में धान खरीदी लगभग 15 नवंबर से शुरू होने की संभावना है। सरसेनी में नया केंद्र खुलने से क्षेत्र के किसानों के लिए अपनी मेहनत की उपज बेचना अधिक सुगम होगा।



जाकड़बांधा में नया केंद्र खुलने पर वनांचल वासियों ने जताया डिप्टी सीएम साव का आभार

लोरमी। वनांचल के ग्रामीण ने जाकड़बांधा में नया धान खरीदी केंद्र खोलने पर रायपुर स्थित उप मुख्यमंत्री अरूण साव के निवास पहुंचकर उनका आभार जताया। जानकारी के अनुसार 25 अक्टूबर को उप मुख्यमंत्री अरूण साव से जाकड़बाँधा नया धान मँडी खोलने पर अभार ढेने जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा एवं संतराम मसराम मंडी अध्यक्ष के नेतृत्व मे साव से सौजन्य भेट कर जाकड़बाधा में नया धान खरीदी केंद्र खोलने पर अभार व्यक्त किया गया। साथ ही उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने आने का आश्वासन भी दिया। गौरतला भाई की इस धान खरीदी केंद्र से ग्रामीणों को 50 किलोमीटर परिवहन नहीं करना होगा। ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण एवं ज्वलन्त क्षेत्र के समस्याओं को अवगत कराया गया जिसमें जमुनाही बैरियर से छपरवा तक रोड मरम्मत की मांग। पंचायतो में पानी टैंकर प्रदान करने का अश्वासन दिया। वन ग्राम से राजस्व ग्राम घोषित हुआ है उसके सम्बन्ध में हुई चर्चा। नया सौर प्लांट लगाने एवं पूराने को मरम्मत के संदर्भ में साथ ही जाति, निवास प्रमाण पत्र बनवाने के सम्बन्ध में भी चर्चा हु। बोईरहा पंचायत अंतर्गत राजक एवं महामाई पंचायत के डगनिया सरसोहा, बिसौनी जाकड़बाधा खरीदी केंद्र से जोड़ने हेतु चर्चा की गई। जाकड़बाँधा मंडी में स्थानीय लोगों को कार्य में रखने हेतु बात हुई। सुरही पंचायत को तीन आँगनबाड़ी भवन एवं किचन सेड, बांउडीबाल मरम्मत के लिए राशी स्वीकृत करने का आश्वासन दिया गया। निवासखार स्कूल में शिक्षक आपूर्ति के सम्बन्ध में भी बात रखी गई। ग्राम महामाई में हाई मास्क लाईट, देवगुड़ी सेड के सम्बन्ध में चर्चा, महामाई से बिजरा रोड अंतर्गत आने वाले नालो एवं जर्जर पुल पुलिया के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। सरसोहा बसौनी में जन मन आवास में लगे रोक को हटाने के लिए उच्च न्यायलय के महाधिवक्ता से चर्चा किया गया।

पूर्व डिप्टी सीएम ने दिया एकजुटता का संदेश

कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए सिंहदेव

दगोरी। आम जन कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की प्रमुख ताकत हैं। उनकी सेवा से ही पार्टी आगे बढ़ती है। अच्छे कार्यकर्ताओं की पूछ परख पार्टी में जरूर होनी चाहिए। उक्त बाते ग्राम दगोरी भवानी चौक में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव ने कही। उन्होंने सभी से एकजुट होकर कार्य करने की बात कही।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेश नेताओं में पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, जिला कांग्रेश कमेटी बिलासपुर अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, मुंगेली जिला कांग्रेश कमेटी अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जिला पंचायत सदस्या जागेश्वरी वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेशी पंकज सिंह, ब्लॉक कांग्रेश अध्यक्षा गीतांजलि कौशिक, वरिष्ठ कांग्रेशी ग्राम पटेल ज्वाला प्रसाद सन्नाट, अमर टंडन, राधेश्याम साहू, बिंदा निषाद, मुन्ना कौशिक, गंगा निर्मलकर, छबिलाल कौशिक, नवीन मिश्रा, विश्राम दास, बद्री गहरे, मनहरण ध्रुव, सुख गेंदले, मंत राम निषाद, लाला सेन, भागवत कौशिक, दीपक सन्नाट, गजेंद्र कौशिक, संजीव सन्नाट, बहोरी क साहू, हेतुराम निषाद, हुसैन सूर्यवंशी, साधराम बंजारे, मनहरण कौशिक, मुकेश केवट, सनत ध्रुव, राजकुमार, बालाराम सन्नाट, खन्ना कौशिक, कौशल निषाद, श्याम सुंदर, अर्जुन कौशिक, रामकिशुन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेश कार्यकर्ता उपस्थित थे।



अचानक पहुंचे राहुल के निवास

बिल्हा। बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में भेंट-मुलाकात दौरे के दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव अचानक अपने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ राहुल राजपूत के निवास पर पहुंचे। उनके अचानक आगमन से राहुल राजपूत के परिवार में खुशी का माहौल छा गया। सिंहदेव के आगमन से परिवार के सदस्यों में उत्साह देखने को मिला। इस अप्रत्याशित मुलाकात से परिवार के लिए यह पल यादगार बन गया।



डिडिनेश्वरी मंदिर में टेका मत्था

मल्हार। छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएस सिंहदेव ने 24 अक्टूबर को मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। जहां जगह जगह उनका कांग्रस कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बिना किसी बड़े औपचारिक मंच और लंबे भाषण के सीधे आम जनता, ग्रामीण परिवारों तथा स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उनके दौरे को क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबूती देने, कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर संवाद स्थापित करने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मस्तूरी के बाद सिंहदेव ऐतिहासिक नगरी मल्हार पहुंचे। जहाँ ट्रस्ट के सदस्यों ने चुनरी पहनाकर उनका स्वागत किया।





कांग्रेस कमेटी की बैठक में आंदोलन पदयात्रा की रणनीति पर चर्चा

लोरमी। मुंगेली जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम आंदोलन, जनसभा एवं पदयात्रा कर ज्ञापन सौंपने को लेकर रणनीति एवं आंदोलन के निर्धारण के संबंध में विस्तृत चर्चा एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने हेतु बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त बैठक में प्रभारी ख़ुशबू वैष्णव ने बताया कि जिस तरीक़े से देश में वोटो की चोरी हो रही है, ये बात को केवल विपक्ष नहीं बोल रहा है, केवल कांग्रेस पार्टी या इंडिया गठबंधन नहीं बोल रही है बल्कि इस बात को स्वयं चुनाव आयुक्त के सदस्य बोल रहे हैं कि किस तरीक़े से अकेले ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर का निर्णय अकेले लिया। संख्या में 29 तारीख़ को वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में मुंगेली में अपनी उपस्थिति दर्ज करावें इसी क्रम में संचालन अभिलाष ने किया। सभी वक्ताओं ने अपनी अपनी बातों को रखा और आभार प्रकट लल्ला सिंह ठाकुर ने किया। बैठक में विशेष रूप से पवन अग्रवाल, प्रदीप कुमार दुबे, नितेश पाठक, नरेश पाटले, विद्यानंद चंद्राकर, आदित्य वैष्णो, हेमीन मंगेशकर, श्वेता पाठक, रेशम लाल जांगड़े, मनोज कुमार शर्मा, बलिराम यादव, टेकू राम साहू, सुनील बंजारा, मनोज खरे, जगदीश चतुर्वेदी, भूपेश सीताराम यादव, सुरेंद्र सिंह राजपूत, गोपी राम जयसवाल, मालिक राम साहू, कमल आगरे, नरेंद्र कुमार रात्रे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

पाक्सो एक्ट पर विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण 147 शिक्षक-शिक्षिकाएं हुई शामिल

पथरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के तत्वाधान में लैंगिक अपराधों से बालको के संरक्षण अधिनियम 2012 के सम्बंध में विकास खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक, मिडिल, हाई हायर सेकेंडरी विद्यालय से आए 147 शिक्षक-शिक्षिकाओं को उक्त विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

जागरूकता, सुरक्षा और संरक्षण हर बच्चे का अधिकार के स्लोगन के साथ प्रारम्भ हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ मोहन लाल पटेल, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रतिभा मण्डलोई एवं जिला विधिक सेवा के पदाधिकारी अधिवक्ता राजेश मीरे मुख्य वक्ता रहे। प्रशिक्षण में लैंगिक अपराधों से बालको के संरक्षण अधिनियम 2012 के कानूनी प्रावधानों के बारे में श्री मीरे ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए इस अधिनियम के बारीकियो से शिक्षकों को परिचित कराया और प्राथमिक से लेकर हाई हायर सेकेंडरी स्तर के बच्चों को काउंसलर के रूप में



सजग रखने की बात कही। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ मोहन लाल पटेल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के इस परिवेश असामाजिक, अनैतिक मानसिकता से संक्रमित व्यक्तियो से बच्चों को सुरक्षित रखने के उपायों पर विशेष रूप से कार्य करने की आवश्यकता है उन्होंने आचार्य कौटिल्य का नाम लेते हुए कहा कि शिक्षक प्राचीन काल से ही सकारात्मक ऊर्जा के साथ समाज में व्यपात अन्याय के विरुद्ध क्रांति करते आया है। आज बच्चों को उनका सुरक्षित बच्चन देने के लिए भी एक क्रांति की आवश्यकता है क्योकि बच्चों को लैंगिक अपराधों से मुक्त बचपन दिलाना हम सब का नैतिक दायित्व। बीईओ प्रतिभा मण्डलोई ने इस विषय पर कहा कि विद्यालय सहित अपने आसपास में सजगता के लिए बच्चों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण से प्रशिक्षित शिक्षक शिक्षिकाएं अनिवार्य रूप से बच्चों को इस सम्बंध में जागरूक करे। उन्होंने इस अभियान के प्रथम चरण 26 अक्टूबर से 31 अक्टूबर एवं द्वितीय चरण 12 नवम्बर से पूरे माह तक आयोजित होने वाले विद्यालय स्तरीय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी को इस समंध में गम्भीरता से कार्य करने की बात कही। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आखिर में बीआरसीसी अशोक यादव ने आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण से समापन की घोषणा की। प्रशिक्षण में एबीईओ रविपाल राठौर, पीएमश्री आत्मानंद के प्राचार्य ज्योति भारद्वाज, प्रधान पाठक गुना राम निर्मलकर, व्याख्याता विनोद कौशिक, सत्येंद्र गुप्ता, कैवल्य गुप्ता, शिक्षक यशवंत साहू, शिक्षिका मधुरिमा सिंगरौल , अनुसूइया पाण्डेय एवं शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

जेएनवी में शहीद दीपक को दी गई श्रद्धांजलि

मल्हार। जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र एवं शहीद उप निरीक्षक दीपक भारद्वाज की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यालय परिवार ने वीर सपूत दीपक भारद्वाज के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पीसी. झा ने शहीद दीपक भारद्वाज के स्मारक पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। उन्होंने पुलिस स्मृति दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र की सुरक्षा और सेवा में समर्पित पुलिस जवानों के साहस, देशभक्ति और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर प्राचार्य झा ने विद्यालय के होनहार पूर्व छात्र स्वर्गीय दीपक भारद्वाज के जीवन, कर्तव्य परायणता और देश के प्रति उनके समर्पण का स्मरण किया। नक्सली हमले में देश की रक्षा करते हुए उनकी शहादत को याद कर विद्यालय परिवार ने उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं सभी कर्मचारियों ने सहभागिता निभाते हुए शहीद दीपक भारद्वाज को नमन किया। कार्यक्रम का संचालन सीपी साहू ने किया।



संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, निकली कलश यात्रा

पथरिया। नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 05 स्थित आजाद चौक में स्वर्गीय होरीलाल यादव पूर्व लाइनमैन की स्मृति में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को कथा के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा, वेदी पूजन एवं गौकर्ण कथा महात्म्य का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कथा का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के तहत रविवार को दोपहर करीब 3 बजे कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हरिकीर्तन के साथ निकली यह यात्रा नगर के मझली तालाब पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जल ग्रहण किया गया। इसके पश्चात कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंची, जहां वेदी पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। आयोजन के दौरान कथावाचक पंडित रामेश्वर पाठक, ग्राम मोहभट्ठा सरगांव द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय वर्णन सुनाया जाएगा। नौ दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता का संदेश दिया।



जिला स्तरीय सीनियर वॉलीबॉल टीम का ट्रायल 28 को आयोजित होगा

पेण्ड्रा। जिला वॉलीबॉल संघ द्वारा जिले की सीनियर वॉलीबॉल टीम के गठन के लिए 28 अक्टूबर को जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। चयन ट्रायल दोपहर 2 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पेण्ड्रा में आयोजित होगा।

यह चयन प्रक्रिया 21वीं सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य अंतर-जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप में जिले की टीम की भागीदारी के लिए आयोजित की जा रही है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन एनटीपीसी लारा, रायगढ़ में किया जाएगा। इसमें चयनित खिलाड़ी गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।



जिला वॉलीबॉल संघ के अनुसार, चयन ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों की खेल तकनीक, व्यक्तिगत कौशल, शारीरिक फिटनेस, टीम समन्वय और मैदान पर प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। प्रदर्शन के आधार पर योग्य खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय सीनियर टीम के लिए किया जाएगा।

सक्रिय महिला स्व–सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जिला पंचायत द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण, बैठक, कार्यशाला, सम्मेलन, प्रदर्शनी, मेला, सरस मेला एवं अन्य कार्यक्रमों हेतु भोजन व्यवस्था, टेंट एवं अन्य संबंधित आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिले में गठित एवं सक्रिय महिला स्व–सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित की गई है। आवेदन कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मुंगेली (छ.ग) पिन–495334 के नाम से पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट अथवा कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर निर्धारित तिथि एवं समय तक प्रस्तुत की जा सकेगी। आवेदन 23 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई। जिसकी अंतिम तिथि 3 नवंबर 2026 को निर्धारित की गई है। संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु जिले की वेबसाइट अथवा कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

बाकी की जांच के लिए दिया मौखिक आश्वासन

पीएम आवास की जांच में नहीं दिखी गंभीरता कुछ मकानों की जांच कर लौटी टीम

पथरिया। ग्राम पंचायत भिलाई में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कथित अनियमितताओं की जांच करने पहुंची टीम की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। कलेक्टर जनदर्शन में 25 हितग्राहियों के आवासों की जांच की मांग की गई थी, लेकिन शिकायतकर्ता का आरोप है कि शुक्रवार को पंचायत विभाग के तीन एडीओ की मौजूदगी वाली टीम कुछ ही मकानों का निरीक्षण कर वापस लौट गई। ऐसे में जांच की गंभीरता और निष्पक्षता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ हितग्राहियों के नाम पर आवास निर्माण के लिए राशि का भुगतान किया गया, जबकि मौके पर आवास निर्मित नहीं होने की आशंका है। इसके अलावा पति-पत्नी के नाम पर अलग-अलग आवास स्वीकृत होने और पुराने मकानों को नया आवास दर्शाकर राशि आहरित किए जाने की भी शिकायत की गई है। इसी आधार पर ग्रामीणों ने 25 हितग्राहियों के नामों का उल्लेख करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

कुछ मकानों की जांच, बाकी के लिए फिर आने की बात- शिकायतकर्ता के मुताबिक, शुक्रवार को जांच टीम दोपहर करीब 12 बजे ग्राम भिलाई पहुंची। टीम ने कुछ ही हितग्राहियों के मकानों का निरीक्षण किया और फिर वापस लौटने लगी। इस दौरान टीम के सदस्यों ने मौखिक रूप से कहा कि बाकी हितग्राहियों के मकानों की जांच के लिए वे फिर कभी आएंगे। हालांकि, शेष मकानों की जांच कब होगी, इसकी कोई निश्चित तारीख नहीं बताई गई।

दस्तावेजों और निर्माण का हो भौतिक सत्यापन- ग्रामीणों की मांग है कि सभी 25 हितग्राहियों के आवासों का मौके पर जाकर सत्यापन किया जाए। साथ ही आवास स्वीकृति, निर्माण की वास्तविक स्थिति, भुगतान विवरण और संबंधित अभिलेखों का मिलान किया जाए। यदि जांच में अनियमित भुगतान या सरकारी राशि के दुरुपयोग की पुष्टि होती है, तो नियमानुसार राशि की वसूली और जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि जनदर्शन में शिकायत के बाद गठित जांच टीम सभी 25 हितग्राहियों के आवासों की जांच कब पूरी करेगी? ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराएगा और जांच की स्थिति स्पष्ट करेगा।

गुमशुदा



नीलम यादव, उम्र 32 वर्ष पति संतोष यादव निवासी ग्राम सकर्रा, तहसील सकरी, थाना सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) की निवासी है। जो दिनांक 23.10.2026 को सुबह 10 बजे तिफरा से सिम्स हॉस्पिटल जाने निकली थी, जो अभी तक घर वापस नहीं पहुंची है। अत: जिस किसी सज्जन को मिले कृपया सूचित करने की कृपा करें।
मो. 6264793129, 9770978742

NAME CHANGED

(1) That my maiden is Shrestha Majumdar.
(2) That I Was married to Sridhar Dutta on 04.02.2026 at East Dhantala Jalpaiguri Sadar District- Jalpaiguri, West Bengal, India Pin 734015.
(3) That after my marriage I have Changed My surname from Maiden Shrestha Majumdar to Shreshta Dutta, and I Shall hereafter be Know and addressed as Shrestha Dutta for all purposes.
(4) That the change of Surname in due to my marriage and there is no illegal or fraudulent intentiorr behind this change.
(5) That I Shall at all times hereafter in all records, deeds, writings, proceedings, dealings, and transaction use and sign the name Shrestha Dutta in place of my former name.
(6) That the Statements made above are true and correct to the best of my knowledge and belief.

Shrestha Dutta
Ward. No.17, Masanganj Dutta Gali, Azad Nagar, Post-Bilaspur, PS-Civil Line District- Bilaspur Chhattisgarh Pin-495001

आम सूचना

भारतीय भगीदारी अधिनियम 1932 की धारा 72 के अधिन सुचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है की हमारी फर्म में . माताश्री बिल्डकॉन, पंजीयन क्रमांक 222201924382 दिनांक 26.06.2019 द्वारा पंजीकृत फर्म है। जिसमें श्री अनिल कुमार अग्रवाल पिता श्री श्याम लाल अग्रवाल, श्री श्याम लाल अग्रवाल पिता श्री मंसाराम अग्रवाल, श्री मनीष बगड़िया पिता श्री पूरन चंद अग्रवाल, श्री राजेश पटेल पिता श्री हरिलाल पटेल एवं श्री रघु दीपक साहू पिता श्री सुखदेव प्रसाद साहू भागीदार थे। दिनांक 25.06.2019 से श्री करन जाजोदिया पिता श्री मनोज कुमार जाजोदिया एवं श्री सौरभ अग्रवाल पिता श्री बालमुकुंद जाजोदिया को फर्म में नए भागीदार के रूप में सम्मिलित किया गया है।

तदनुसार सुचना जाने

भवदीय
मे. माताश्री बिल्डकॉन
श्री मनीष बगड़िया (भागीदार)
बिलासपुर (छ.ग)

खबर संक्षेप

हर्ष बैडमिंटन राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के लिए हुए चयनित



मुंगेली। खेल के मैदान में प्रतिभा, मेहनत और निरंतर अभ्यास के दम पर मुंगेली जिले के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी हर्ष शर्मा ने एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वार्षिक स्कूल गेम्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में मुंगेली जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला स्तर पर जीत दर्ज करने के बाद हर्ष ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग का प्रतिनिधित्व किया और अपने बेहतरीन खेल के दम पर स्कूल गेम्स की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने में सफलता हासिल की है। आगामी दिनों में दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूल गेम्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में हर्ष शर्मा छत्तीसगढ़ की तीन सदस्यीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। हर्ष शर्मा पत्रकार योगेश शर्मा के सुपुत्र हैं। वहीं वे वरिष्ठ पत्रकार मनीष शर्मा के भतीजे हैं।

रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का हुआ सामूहिक श्रवण



मुंगेली। विधानसभा मुंगेली क्षेत्र के ग्राम मदनपुर चारभाठा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री के संदेशों को केवल सुनना ही नहीं, बल्कि उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामवासियों एवं मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास महामंत्री नितेश भारद्वाज एवं कमल नारायण ड. आरए श्रीवास, धर्मेंद्र ठाकुर, राय सिंह, रोहित यादव, अदालत यादव, भावेश श्रीवास, संस्कार श्रीवास, आशमित श्रीवास, कार्तिक ध्रुव, कावेरी श्रीवास, अनामिका श्रीवास, सरोज श्रीवास, मांगलिन श्रीवास, जीतेन्द्र दास, रामफल यादव, रामफल यादव, हीरा ठाकुर, छोटेलाल साहू, उद्यो ठाकुर एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

मल्हार में सुनी गई पीएम मोदी की मन की बात की 139वीं कड़ी



मल्हार। नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद रमेश यादव के निवास में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात 139वीं कड़ी का लाइव रेडियो प्रसारण सुना गया। महीने के अंतिम रविवार को होने वाली रेडियो प्रसारण में पूरे देश भर में करोड़ों लोग सम्मिलित होकर श्रवण करते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि मन की बात में मोदी ने पंजाब के कपास किसानों द्वारा जैविक खेती में किया जा रहे नवाचार से पूरे देश को अवगत कराया जो प्रेरणादायक है, जिसमें कपास की रंग बिरंगी उत्पादन बहुत ही जनउपयोगी रही, मेघालय राज्य की महिलाओं द्वारा मिलेट उत्पादन तथा मिलेट के प्रसंस्करण की नवाचार पूरे देश के लिए आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण नवाचार साबित होगी और स्वच्छता जलाशय उत्थान भूमिगत जल स्रोत को बचाने तथा जलवायु परिवर्तन को रोकने की दिशा में बताए गए सभी नवाचार बहुत ही प्रेरणादायी रही। इस अवसर पर मछुआरा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक धनेश्वर कैवर्त, महामंत्री राजकुमार वर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील चौबे, सभापति मिलूराम केवट, आशुतोष वर्मा, मिथुन यादव, एल्डरमैन रामनारायण कश्यप, रवि कैवर्त, रमेश यादव, रामफल कांत, मनराखन कैवर्त, रंजन साहू, प्रमोद थवाईत, पीयूष पाटले सम्मिलित हूए।

ग्राम लगरा में सुनी गई पीएम मोदी के मन की बात



लगरा। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 139वे एपिसोड का प्रसारण हुआ। ग्राम लगरा के बूथ क्रमांक 132 में सुना गया। इस अवसर पर बिलासपुर नगर निगम के एमआईसी मेंबर डॉक्टर तिलक राम साहू, शत्रुघ्न साहू, गेंदराम यादव, प्रकाश कैवर्त, गुलशन साहू, ओमप्रकाश श्रीवास, पराग साहू, पंकज साहू, किरण कैवर्त सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉक्टर तिलक साहू ने कहा पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम सारगर्भित है, देश दुनिया के समसामयिक विषय को लेकर ज्ञानवर्धक जानकारी मिलती है। रोजगार मूलक कार्य के क्षेत्र में पथ प्रदर्शक सिद्ध हो रहा है। जनहित से जुड़े मामले, स्वच्छता, लोकल फॉर वोकल, बेस्ट मैनेजमेंट आदि प्रेरणादायक जानकारी मिलती है। इस कार्यक्रम को हर नागरिक को प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को सिर्फ आधा घंटा जरूर सुनना चाहिए।

7 करोड़ 67 लाख स्वीकृत, सुरक्षित सफर की बढ़ी उम्मीद

मनियारी नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण होने से आने जाने वालों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

तखतपुर-बरेला मार्ग पर मनियारी नदी के संकरे और जलमग्नीय पुल से आवागमन करने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से परेशानी और दुर्घटना के खतरे का कारण बने इस पुल के स्थान पर अब उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद लोक निर्माण विभाग ने निर्माण कार्य के लिए 7 करोड़ 67 लाख 11 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है। इस निर्णय से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। बरेला नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश पेटल सहित नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार जताया है।

मनियारी नदी पर स्थित संकरे पुल की बदहाल स्थिति, बारिश में पानी भरने और भारी वाहनों की आवाजाही से उत्पन्न खतरे को लेकर हरिभूमि ने लगातार प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किए थे। खबरों के माध्यम से बताया गया था कि हल्की बारिश के बाद भी पुल पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित होने लगता है। पुल की कम चौड़ाई के कारण दो वाहन एक साथ सुरक्षित तरीके से नहीं निकल पाते, वहीं भारी वाहनों के गुजरने के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार राहगीरों को जान जोखिम में डालकर पुल पार करना पड़ता है। लगातार सामने आती इन समस्याओं ने इस मार्ग पर सुरक्षित और स्थायी समाधान की आवश्यकता को रेखांकित किया था।



बारिश में बढ़ जाता है खतरा आवागमन पर मंडराता है संकट

मनियारी नदी पर बना मौजूदा जलमग्नीय पुल बारिश के दिनों में परेशानी का सबब बन जाता है। नदी का जलस्तर बढ़ने अथवा पुल पर पानी भरने से आवागमन बाधित होने की आशंका रहती है। संकरा रास्ता होने के कारण वाहनों को निकलने में भी कठिनाई होती है। भारी वाहनों की आवाजाही के बीच छोटे वाहन चालकों और राहगीरों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है। यह मार्ग आसपास के अनेक गांवों और नगरों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। ऐसे में पुल की समस्या केवल यातायात तक सीमित नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा, दैनिक आवागमन और क्षेत्रीय संपर्क से भी जुड़ी हुई है।

7.67 करोड़ से बदलेगी तस्वीर

लोक निर्माण विभाग की ओर से जारी प्रशासकीय स्वीकृति के तहत मनियारी नदी पर उच्च स्तरीय पुल के साथ पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। नया पुल बनने से मौजूदा जलमग्नीय पुल के कारण उत्पन्न होने वाली परेशानियों में कमी आने और आवागमन अधिक सुरक्षित एवं सुगम होने की उम्मीद है। बारिश के दौरान भी संपर्क मार्ग को बेहतर बनाए रखने की दिशा में यह निर्माण महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इससे स्थानीय नागरिकों, ग्रामीणों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को लाभ मिलने की संभावना है।

डिप्टी सीएम का जताया आभार

पुल निर्माण के लिए 7 करोड़ 67 लाख 11 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर बरेला नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश पेटल एवं नगरवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इसे क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि स्वीकृति के बाद निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ होगा और वर्षों से बनी हुई परेशानी से राहत मिलेगी।

सरगांव-साकेत मार्ग के चौड़ीकरण से सड़क संपर्क होगा बेहतर



मार्ग पर चल रहा डामरीकरण का कार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में सड़क अधोसंरचना को बेहतर बनाने और आम नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में सरगांव–साकेत मार्ग के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। लंबे समय से जर्जर स्थिति में रही इस सड़क के उन्नयन के लिए उपमुख्यंत्री अरूण साव के निर्देशानुसार 12 किलोमीटर लंबाई के निर्माण कार्य के लिए 2 हजार 170 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क निर्माण कार्य के तहत अब तक 08 किलोमीटर हिस्से में डामरीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

- क्षेत्रवासियों को मिलेगी राहत, आवागमन होगा सुगम

ग्राम दौना एवं टिकैतपेण्ड्री के बस्ती क्षेत्रें में सीसी मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। शेष कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में पूरा करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। संपूर्ण निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। सरगांव–साकेत मार्ग के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण से क्षेत्र में सड़क संपर्क बेहतर होने की उम्मीद है। सड़क के उन्नयन से स्थानीय नागरिकों, यात्रियों और वाहन चालकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से बस्ती क्षेत्रें में सीसी मार्ग का निर्माण सड़क को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। जर्जर सड़क के स्थान पर मजबूत एवं बेहतर सड़क बनने से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी तथा दैनिक आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा।

महामाया मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

मुंगेली। महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर ग्राम कोदवाबानी स्थित महामाया मंदिर पेण्ड्रीडीह में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत कोदवाबानी के ग्राम प्रमुख श्रीमती नर्मदा सिंह राजपूत एवं ग्राम के अन्य गणमान्य सदस्यों के सहयोग से किया गया। संगोष्ठी में महर्षि वाल्मीकि जी के व्यक्तित्व, अस्तित्व, आदिकाव्य रामायण की रचना तथा भारतीय संस्कृति और समाज को दिए गए उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें ज्ञान, सदाचार, करुणा, मानवता एवं सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनकी अमर कृति रामायण आज भी समाज को आदर्श जीवन–मूल्यों, कर्तव्यनिष्ठा और मर्यादा का संदेश प्रदान करती है।



आरएसएस का विजयदशमी उत्सव पर पथसंचलन

तखतपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयदशमी के अवसर पर तखतपुर में उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 16 जोनों से पहुंचे स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मुख्य वक्ता प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख विश्वास जलताड़े ने कहा कि संगठन की शक्ति से बड़े से बड़ा कार्य संभव है।

समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सामाजिक सहभागिता, सामूहिक प्रयास और एकजुटता आवश्यक है। उन्होंने विजयदशमी पर्व को शक्ति, अनुशासन और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक बताते हुए राष्ट्रहित में संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालेश्वरनाथ आश्रम पाली के सत्य ओंकार गिरी ने की। विजयदशमी उत्सव के बाद स्वयंसेवकों का पथ संचलन राम सदन से प्रारंभ हुआ। संचलन पड़रिया रोड, संगम नगर, बजरंग नगर, होलिका चौक, पाठक पारा एवं महामाया चौक होते हुए पुनः राम सदन पहुंचकर संपन्न हुआ। पथ संचलन में स्वयंसेवकों का अनुशासन एवं उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख गुहाराम सारथी, रविकर पटेल, खंड संघ चालक गलीराम प्रजापति, खंड कार्यवाह सुशील सिंगरौल, विवेक पांडेय, अनिरुद्ध द्विवेदी, नैन लाल साहू, दिलीप तोलानी, दिनेश राजपूत, नवीन ठाकुर, छत्रपाल गुप्ता सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे स्वयंसेवक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विजयदशमी उत्सव एवं पथ संचलन के माध्यम से संगठन की शक्ति, सामाजिक एकता, अनुशासन और राष्ट्रभावना का संदेश दिया गया।



जीपीएम के अभिनव ने शास्त्रीय संगीत में हासिल किया इंटरनेशनल अवार्ड

पेंड्रा। जिले के प्रतिभाशाली बालक अभिनव तिवारी ने शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नृत्य धाम कला समिति, भिलाई (छत्तीसगढ़) के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम 'देश राग 2026' में अभिनव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर इंटरनेशनल अवॉर्ड 2026 अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से जिले में हर्ष का माहौल है।

अभिनव तिवारी, कोटमीकला निवासी कृष्णा तिवारी के सुपुत्र हैं और कक्षा 12वीं के छात्र हैं। उन्होंने अपनी शास्त्रीय संगीत कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायकों और उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का आयोजन भिलाई स्थित एसएनडीजीएस ऑडिटोरियम में किया गया, जहां विभिन्न प्रतिभाओं को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिला। इस मंच पर अभिनव ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और जिले का नाम रोशन किया। अभिनव तिवारी की यह उपलब्धि जिले के अन्य प्रतिभाशाली बच्चों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।



एनएनएस इकाई के नेतृत्व में मदनलाल कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान

सीपत। शासकीय मदन लाल शुक्ल महाविद्यालय में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 17 से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के नेतृत्व में प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों ने व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान महाविद्यालय के मुख्य भवन, प्रवेश द्वार और बॉटेनिकल गार्डन में साफ-सफाई कर खरपतवार हटाए गए तथा प्लास्टिक कचरे का निवारण किया गया। अभियान के दौरान प्राचार्य डॉ. रघुनंदन पटेल ने स्वयं सफाई कार्य में भाग लेकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने कार्यों से स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाने और परिसर को साफ-सुथरा रखने का संदेश दिया। अभियान में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एमडी स्वर्णकार, श्वेता पंड्या, डॉ शुभ्रा मिश्रा, डॉ राम प्रसाद चंद्रा, डॉ हेमपुष्पा नायक, वंदना श्रीवास्तव, भूपेंद्र कुमार देवांगन, डॉ पूजा यादव, डॉ माधुरी व्यास, अंजना त्रिपाठी, डॉ ऊषा जायसवाल, युक्ति कश्यप, सुकृति नायक, श्रजय भोसले, भरत साव, विनय साहू, हेमंत साहू, देवी सुरेंद्र, अशोक, विनय साहू एवं संयम सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा। वहीं एनएसएस स्वयंसेवकों मधु साहू, कृतिका धीवर, रितु साहू, प्रिया साहू, लक्ष्मी धीवर, सिद्धि धीवर, आभा टेंगुवर, दुर्गेश कुमार, पुष्पेंद्र, सागर आर्मो, नरेंद्र कुमार, रितेश कुमार एवं प्रकाश प्रधान ने सक्रिय सहभागिता निभाई।



छोटी नहर पुल के नीचे मिला मजदूर का शव,मां खोजते हुए पहुंची तो उड़ गए होश

रतनपुर। घर से निकला 50 वर्षीय मजदूर रातभर लापता रहा, परिजन उसकी तलाश में भटकते रहे और रविवार सुबह उसकी तलाश का अंत एक दर्दनाक मंजर के साथ हुई। रतनपुर के साधीपारा वार्ड क्रमांक 7 निवासी रामेश्वर खैरवार का शव खुटाघाट की छोटी नहर के पास पुल के नीचे पानी से भरे नाले में मिली।

बेटे को खोजने निकली मां की नजर जब शव पर पड़ी, तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जानकारी के अनुसार, रामेश्वर खैरवार, पिता स्व मोहन खैरवार, शनिवार शाम से घर नहीं लौटा था। उसके घर नहीं पहुंचने पर परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। रविवार सुबह उसकी मां भी उसे खोजने निकली। घर से कुछ दूरी पर खुटाघाट की छोटी नहर के आगे पुल के नीचे एक फूल के पास उसका शव पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि रामेश्वर शराब के नशे में पुल के पास बैठा होगा और संतुलन बिगड़ने से नीचे पानी से भरे नाले में गिर गया होगा। हालांकि, यह महज आशंका है। उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। रामेश्वर रोजी-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा हैं। मजदूरी कर परिवार चलाने वाले रामेश्वर की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। रतनपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अब जांच के बाद ही मौत की असल वजह स्पष्ट हो पाएगी।



मुख्य चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला, लगाए नारे

कांग्रेस ने निकाली वोट बचाओ-देश बचाओ, पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता सूची में पारदर्शिता और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार को सुरक्षित रखने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं नगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में वोट बचाओ, देश बचाओ पदयात्रा निकाली गई। मंडी चौक में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का वाचन कर पदयात्रा प्रारंभ हुई। पदयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुराने बस स्टैंड स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में वोट केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि जनता की आवाज और सरकार चुनने की सबसे बड़ी ताकत है। मतदाता सूची की शुद्धता, निष्पक्ष चुनाव और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियादी आवश्यकता है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता का मत है।

यदि किसी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से अनुचित तरीके से हटाया जाता है, तो यह उसके लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र निर्मलकर ने कहा कि वोट की ताकत से ही जनता अपनी सरकार चुनती है। चुनाव प्रक्रिया पर जनता का विश्वास बनाए रखना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को अजय सिंह ठाकुर, श्याममूरत कौशिक, बिहारी देवांगन एवं बिसाहु राम कौशिक ने भी संबोधित किया।

वक्ताओं ने मतदाता अधिकारों की रक्षा, चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही पर जोर देते हुए कांग्रेसजनों से इस मुद्दे पर जनजागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव आत्मजीत सिंह संजू मक्कड़, किसान कांग्रेस अध्यक्ष बिसाहु राम कश्यप, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजय देवांगन, सभापति बबलू गुप्ता, जिला सदस्य अजय सिंह ठाकुर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शिवबालक कौशिक, मंडल अध्यक्ष गोविन्द साहू, जितेंद्र राज सूर्यवंशी एवं दिनेश देवांगन, उपाध्यक्ष रामस्वरूप कश्यप एवं आदर्श बंजारे, श्याममूरत कौशिक, बिहारी देवांगन, संजू मिश्रा अजय ध्रुव, करीम कुरैशी, तुषार बंजारे, अजमत नट्टू जायसी, रवि यादव, एनएसयूआई अध्यक्ष प्रियांशु डहरिया, अंकित मसीह, अशीन सैमुएल, विक्की कश्यप, राम रजक, चंद्रकुमार भारती एवं विकास गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



28 से अधिक विद्यार्थियों को किया सम्मानित



मुंगेली। तोमरवंशी गोत्र गर्ग परिवार द्वारा 25 अक्टूबर को पुराना टीवीएस शोरूम में मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कक्षा पहली से बारहवीं तक के 28 से अधिक होनहार विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए स्मृति चिह्न शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त डीआईजी पीएस ठाकुर, बिलासपुर कुर्मी समाज प्रमुख एमआर कश्यप एवं प्रसिद्ध लोक गायक संजय सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही विशिष्टजनों में बद्री सिंह, रामकुमार सिंह, कौशल सिंह क्षत्रिय, संतोष सिंह क्षत्रिय, केशव सिंह, भरत सिंह, सतेंद्र सिंह, श्रीकांत सिंह, आलोक सिंह एवं जयेश सिंह ने मंच साझा करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुंगेली सहित चारभाटा, रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, झलियापुर, बिरमपुर, हथनी, तखतपुर, रोहरा एवं बिलासपुर से बड़ी संख्या में गोत्रज बंधु, सामाजिक प्रतिनिधि और अभिभावक सम्मिलित हुए।

खबर संक्षेप

जूनियर छात्रा से अनाचार करने वाला गिरफ्तार

बिलासपुर। किराए के मकान में जाकर जूनियर छात्रा से अनाचार



करने वाले सीनियर छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर निजी कालेज में पढ़ाई करने वाला छात्रा का कालेज के सीनियर छात्र कलमी मालखरौदा निवासी दीपक चाटुरे से जान पहचान थी। पिछले दिनों जान पहचान का फायदा उठाकर दीपक छात्रा के रूम में मिलने गया और उसके साथ अनाचार किया। पीड़ित छात्रा ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर छात्र दीपक को गिरफ्तार कर लिया है।

कुछ माह पहले नगर विधायक ने किया था भूमिपूजन

लोगों का आरोप कांग्रेस पार्षद के कारण नहीं हो रहा है निर्माण पूरा

4 साल में नहीं बनी सड़क, मरीमाई रोड को लेकर किया चक्काजाम, पहुंचे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंक रोड का ट्रैफिक डायवर्ट करने और शहर को स्मार्ट सड़क बनाने के लिए शुरू की गई मरीमाई रोड सड़क पिछले 4 साल में बनकर तैयार नहीं हो सकी है। 3 सालों से रहवासियों को धूल और मिट्टी फांकने को मजबूर होना पड़ रहा है, यही कारण है कि रविवार को रहवासियों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी मौजूद थे, जोन कमिश्नर और इंजीनियर ने लोगों को समझाइश देकर शांत कराया है।

4 सालों से मरीमाई सड़क पर धूल के गुबार उड़ रहे हैं, दरअसल अतिक्रमण हटाने के लिए 2022 में नगर निगम ने कार्रवाई की और 40 से अधिक घरों को तोड़ दिया, जिसके बाद निगम ने स्मार्ट सिटी फंड से दोनों ओर नालियां बनाई, लेकिन हर बार किसी ना किसी कारण से काम रोक दिया। इस साल मई माह में 800 मीटर सड़क बनाने के लिए नगर विधायक द्वारा भूमिपूजन कराया गया, लेकिन सड़क नहीं बन सकी है। रहवासियों ने 3 से 4 घंटे तक सड़क का आवागमन रोक दिया, जिसके बाद नगर निगम के अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए और जोन कमिश्नर, इंजीनियर और पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। लोगों का आरोप है कि पिछले 4 सालों से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बच्चे और बुजुर्ग सड़क के धूल से बीमार हो रहे है लेकिन नगर निगम के इंजीनियर और अधिकारी सड़क निर्माण को लेकर लापरवाही बरत रहे है। रहवासियों ने कहा कि कांग्रेसी पार्षद होने के कारण वार्ड में काम नहीं हो रहा है, अतिक्रमण हटाने से लेकर सड़क निर्माण तक लोगों को परेशान किया जा रहा है।



40 फीट चौड़ी होगी सड़क

तीसरी स्मार्ट सड़क के लिए वार्ड नंबर 26 में एक करोड़ की लागत से 800 मीटर मरीमाई रोड बनाया जाना है। जिसका ठेका निगम ठेकेदार रितेश सिंह को दिया गया है। नालियों का निर्माण भी पूरा नहीं हो सका है, ऐसे में सड़क कबतक पूरी होगी, इसका जवाब नगर निगम के अधिकारियों के पास भी नहीं है। दरअसल सड़क डामर से बनाया जाना है, लेकिन वैश्विक संकट के चलते निगम के ठेकेदारों के पास डामर की किल्लत है। यही कारण है कि सड़क पर काम बंद कर दिया गया है।

जल्द सड़क बनाने का है प्रयास

सड़क डामर की किल्लतों के कारण नहीं बन पाई है, लोगों ने आज चक्काजाम करने की कोशिश की है, जोन कमिश्नर और इंजीनियरों ने उन्हें सभी बातों से अवगत कराया है। हमारी कोशिश है कि जल्द से जल्द सड़क बन जाएं।

-प्रकाश सर्वे, कमिश्नर, नगनि

क्या कहते हैं लोग

■सड़क पर अतिक्रमण हटाया गया, लेकिन सड़क नहीं बनाई गई, पिछले 2 सालों से यहां से गुजरना मुश्किल हो चुका है। लोग बीमार हो रहे है, सर्दी आते ही सांस की समस्या से बुजुर्ग बेहाल हो जाते है। -**समा बेगम**

■कई बार पार्षद के पास जा चुके हैं, इस सड़क पर कबिस्तान है, रोजाना सैंकड़ों लोगों को पैदल आना जाना होता है, लेकिन निगम प्रशासन आंख बंद कर बैठा है। एक ओर हर साल टैक्स वसूली की जा रही है, लेकिन सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। - **मो मंजर हुसैन**

■नगर निगम के अधिकारी और ठेकेदारों ने सड़क को प्रयोगशाला बना दिया है, जब देखो नाली और सड़क बनाने के लिए काम लगाया जाता है, एक दो माह काम होता है, फिर बंद कर दिया जाता है, लोग परेशान हो चुके है। - **सरफराज अंसारी**

मुख्य सड़क पर देंगे धरना

सड़क बनाने के लिए नगर निगम ने ठेका किया, लेकिन वार्ड के पार्षद को भूमि पूजन तक में नहीं बुलाया गया है। सड़क को लेकर 4 बार मैंने निगम के अधिकारियों को पत्राचार किया है, लेकिन हर बार कोई नया बहाना बनाया जाता है, एक हफ्ते के भीतर काम शुरू नहीं होने पर रहवासियों के साथ मुख्य सड़क पर धरना दिया जाएगा। नगर निगम के अधिकारियों को शहर के नागरिकों की सहुलियतों से कोई सरोकार नहीं है। - **शेख नजरूद्दीन**, पार्षद

नशेड़ियों का अड्डा बन चुका, शाम होते ही छा जाता है अंधेरा

11 करोड़ खर्च, सोलर पैनल शुरू ही नहीं हुआ, ट्रीटमेंट प्लांट बंद पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के तालाबों में पानी भरने के लिए 40 करोड़ रुपए से अधिक की योजना बन चुकी है लेकिन पानी में चला गया है। अरपा पार बीच बस्ती का जोरापारा तालाब और हेमूनगर में जरूर कुछ काम दिखते हैं लेकिन जरहाभाठा के जतिया तालाब के सौंदर्यीकरण पर 11 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद वह सूखा पड़ा है। इस तालाब में एक फीट पानी भी नहीं है। यह तालाब नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। शाम होते ही पूरी तरह अंधेरा छा जाता है। सोलर पैनल तो आज तक चालू ही नहीं हो सका है। तालाब में नाली का पानी जा रहा और पूरा क्षेत्र बदबू से परेशान हैं।

■ जतिया तालाब में नाली का पानी भरा जा रहा

नगर निगम की सीमा वृद्धि के बाद निगम एरिया के अंतर्गत 117 तालाब आते हैं, परंतु अधिकांश तालाब सफाई को तरस रहे हैं। उच्चाधिकारियों द्वारा सारा पैसा गिने चुने तालाबों पर ही फूंक दिया जा रहा है। हाल यह है कि जहां जल स्त्रोत नहीं है, वैसे तालाबों को सौंदर्यीकरण के लिए चुना गया। जिन तालाबों में नालों का पानी जाता था और पारंपरिक पैठू की पद्धति से पानी साफ होता था, उस सिस्टम को पूरी तरह उलट दिया गया। रियूज वॉटर के नाम पर सीमित क्षमता के ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर कागजों में खानापूर्ति की गई। सच्चाई यह है कि करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद तालाब पानी को तरस रहे हैं।





जल स्रोत नहीं था तो योजना बनी क्यों

जतिया तालाब की बात करें तो सरोवर धरोहर योजना के अंतर्गत 2017-18 में इस तालाब के विकास पर 2 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इसके बाद बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 7 करोड़ रुपए खर्च कर इसे संवारने की कोशिश की लेकिन हुआ कुछ नहीं। तालाब के एक कोने को छोड़कर पूरा तालाब सूखा पड़ा है। यहां भी नाली का पानी जा रहा है। बड़ा सवाल यह है कि जहां जल स्रोत नहीं था, वहां तालाब के विकास की योजना किस आधार पर बना दी गई। ध्यान रहे कि शहर में तालाबों के विकास के नाम पर पहले 15 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इसके बाद 26.60 करोड़ की योजना पर और काम हुआ लेकिन इसके बाद भी तालाब नहीं संवरे।

12 एकड़ का तालाब सूखा पड़ा है

यहां के लोगों ने बताया कि जतिया तालाब 12 एकड़ में फैला है। बारिश के दिनों में जब लबालब हो जाता था, तो उसकी मेड़ को बंद कर दिया जाता था। तालाब में तिफरा की ओर से बरसात का पानी आता था। इसके अतिरिक्त नालों का भी पानी आता था, जो पैठू से होकर साफ पानी बड़े तालाब में जमा होता था। इस जल राशि के चलते पूरे वार्ड में गर्मियों तक जल स्तर बना रहता था। जब से लेकिन तालाब के विकास की योजना बनाई गई, तालाब सूखा पड़ा है। तालाब को कैसे भरेंगे? कोई अधिकारी नहीं बता पा रहा है। इसके बाद तालाब में पानी भरने के लिए सीमित क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया। यह भी बंद पड़ा है। इसकी क्षमता 2 एमएलडी है।

जानकारी ली जाएगी

तालाबों के सौंदर्यीकरण पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। जतिया तालाब में क्या परेशानी है इसकी जानकारी अधिकारियों से ली जाएगी। नाली का पानी फेंकना गलत है। इसे साफ करना होगा।

- प्रकाश कुमार सर्वे, निगम आयुक्त

एयरपोर्ट को लेकर समिति का उल्टा मार्च आज

बिलासपुर। सर्वसुविधा युक्त एयरपोर्ट निर्माण और महानगरों तक सीधी उड़ान को लेकर हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा उल्टा मार्च निकाला जाएगा।

■ बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट को नहीं मिला है 4 सी एयरपोर्ट का तमगा

सोमवार को आंदोलन की सातवीं वर्षगांठ पर सुबह 11 बजे धरना स्थल राघवेंद्र राज सभा भवन से कलेक्ट्रोरेट के बीच अनूठा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें कार्यकर्ता उल्टा चलकर कलेक्ट्रोरेट तक मार्च करेंगे। इस प्रदर्शन को जिला अधिवक्ता संघ, मर्चेंट एसोसिएशन, मॉल धक्का व्यापारी संघ, जिला उद्योग संघ, आईएमए, होटल एसोसिएशन, क्रिकेट संघ, हॉकी संघ, रेलवे मेंस कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों और छात्र संगठनों से समर्थन मिल चुका है। तय कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ता राघवेंद्र राव सभा



पर सुबह 11 बजे एकत्र उल्टी रैली निकालेगें। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। गौरतलब है कि 7 साल पहले आंदोलन की शुरूआत की गई थी, जिसके बाद मार्च 2021 से बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट पर व्यवसायिक फ्लाइट संचालित की गई थी, परंतु रनवे की लंबाई महज 1500 मीटर होने के कारण छोटे विमान का परिचालन किया जा रहा है। 4 सी एयरपोर्ट नहीं होने का खामियाजा यहां के लोगों को भुगतना पड़ रहा है, बड़ी एयरलाइंस कंपनी अपनी सेवा देने से पीछे हट चुकी है। रनवे की लंबाई 2800 मीटर करने जमीन उपलब्ध होने के बाद भी अधिकारियों की लापरवाही चरम पर पहुंच चुकी है।

एटीसी टावर, नया टर्मिनल भवन,महानगरों तक तक सीधी उड़ान जैसी मांगे अभी भी अधूरी है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मनोज श्रीवास, रवि बनर्जी, विभूतिभूषण गौतम, बद्री यादव, प्रतीक तिवारी, शिरीष कश्यप, समीर अहमद, मजहर खान, गोपी राव, प्रकाश बहरानी,केशव गोरख, मोहन जायसवाल, विजय वर्मा, सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

विंटर शेड्यूल की पहली फ्लाइट पहुंची

अलायंस एयर ने अपने विंटर शेड्यूल में हफ्ते के 4 दिन यानी सोमवार, बुधवार, शुक्रवार के साथ रविवार के लिए फ्लाइट की घोषणा की है। विंटर शेड्यूल 25 अक्टूबर से 27 मार्च तक के लिए जारी किया गया है, जिसके तहत दिल्ली और कोलकाता की फ्लाइट रविवार को बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट पहुंची थी। रविवार को फ्लाइट सुबह 9.50 मिनट पर दिल्ली से प्रयागराज और प्रयागराज से सुबह 11.35 बजे बिलासपुर पहुंची। कोलकाता से फ्लाइट दोपहर 1.30 बजे बिलासपुर लैंड हो सकी और वहीं 1.55 बजे दोबारा बिलासपुर से उड़ान भर कर 4.10 को कोलकाता में लैंड कराई गई। विंटर शेड्यूल के अनुसार सोमवार को दिल्ली से बिलासपुर 10.55 मिनट में पहुंचा जा सकेगा, वहीं यह फ्लाइट अंबिकापुर 12.5 बजे पहुंचेगी। साथ ही अंबिकापुर से दिल्ली पहुंचने में करीब ढाई घंटे का समय लगेगा और दोपहर 3 बजे दिल्ली पहुंचा जा सकेगा। इसी प्रकार बुधवार को फ्लाइट दिल्ली-बिलासपुर-अंबिकापुर और दिल्ली के लिए चलेगी। शुक्रवार को दिल्ली की फ्लाइट 10.35 बजे बिलासपुर पहुंचेगी, इसके साथ ही बिलासपुर से प्रयागराज और प्रयागराज से दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152



स्पेशल ट्रेन से - 24 दिसम्बर 2026 से 03 जनवरी 2027 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411

चोरी की तीन एक्टिवा सहित युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसीसीयू टीम ने एक युवक को पकड़कर उसके पास से चोरी की 3 एक्टिवा जब्त किया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

शहर में लगातार बढ़ी संख्या में बाइक व एक्टिवा चोरी हो रही है। उच्च अधिकारियों ने एसीसीयू टीम को चोरों को पकड़ने का आदेश दिया गया। टीम चोरों की पतासाजी में लगी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर सकरी अटल आवास निवासी अरविंद दिवाकर पिता दानी दिवाकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर उसने 15 मई को उसलापुर रेलवे स्टेशन, 19 अक्टूबर को राजेनद्रनगर किरण कुंज हास्टल, 24 सितंबर को तेलीपारा क्षेत्र से एक्टिवा चोरी करना बताया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की 3 एक्टिवा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



जब्त एक्टिवा व आरोपी।

नगर सैनिक से कार सवार युवकों ने की गाली गलौज

बिलासपुर। ट्रैफिक जाम होने पर वाहनों को हटा रहे नगर सैनिक से कार सवार दो युवकों ने गाली गलौज कर हुज्जबाजी की। पुलिस ने कार सवार युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। शनिवार की रात रामसेतु से हुण्डई चौक तक ट्रैफिक जाम हो गया था। चौक पर ड्यूटी कर रहा ट्रैफिक नगर सैनिक केबी सिंह हुण्डई चौक में वाहनों को हटवा रहा था। इसी दौरान मुक्तिधाम की ओर से आ रहे कार सवार दो युवक भी जाम में फंस गए। उनकी कार नगर सैनिक के पास पहुंची तो दोनों युवकों ने उससे गाली गलौज की। नगर सैनिक ने विरोध किया तो दोनों युवक सीपत चौक की ओर कार लेकर गए, वहां सड़क किनारे खड़े कर फिर से पैदल आए और नगर सैनिक के साथ गाली गलौज करते हुए हुज्जतबाजी करने लगे। नगर सैनिक ने सरकण्डा ट्रैफिक पेट्रोलिंग पार्टी को सूचना दी। पेट्रोलिंग पार्टी के पहुंचने के पहले कार लेकर दोनों युवक भाग गए थे। भागते समय से नगर सैनिक ने कार व दोनों युवकों की मोबाइल में फोटो ले ली थी। नगर सैनिक केबी सिंह ने घटना की रिपोर्ट सरकण्डा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर कार सवार अज्ञात दो युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
श्री विजय वंदना
इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेस एण्ड रिसर्च सेन्टर

बालको मेडिकल सेंटर के
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी

27 अक्टूबर 2026, (मंगलवार) दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक
स्थान : श्री विजय वंदना इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साईंसेस एण्ड रिसर्च सेन्टर
श्रीवास भवन के पास, श्री लक्ष्मी पेट्रोल पंप के पीछे, मिनोचा कॉलोनी बिलासपुर



कैंसर विशेषज्ञ से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं
डॉ. यशवंत कश्यप
कैंसर रोग विशेषज्ञ
MD (जनरल मेडिसिन), DM (मेडिकल ऑन्कोलॉजी)
वरिष्ठ सलाहकार, मेडिकल ऑन्कोलॉजी,
हेमेटो ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन
बालको मेडिकल सेंटर

यदि आपको इनमें से कोइ भी लक्षण है तो आज ही डॉक्टर से मिलें

- स्तन में गाँठ
- असामान्य गाँठ या उभार
- मुँह में बदलाव या आवाज में भारीपन
- निगलने में कठिनाई
- लगातार खाँसी, सिरदर्द या बदन दर्द
- ठीक न होने वाले छाले/घाव
- बार-बार बुखार या संक्रमण
- पेट में दर्द या जी मिचलाना
- पेट फूलना
- खून की कमी
- त्वचा (स्किन) में बदलाव
- वज़न में बिना कारण कमी
- मल या मूत्र त्यागने की आदतों में बदलाव
- मासिक धर्म चक्र में बदलाव या पेट के निचले हिस्से में दर्द

अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 7471130319
828282 4444
balcomedicalcentre.com